✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 343 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 13 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




असम में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा एवं अन्य मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## संक्षिप्त समाचार

### नीट परीक्षा रद्द

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 3 मई को हुई नीट 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। परीक्षा की नई डेट्स जल्द जारी की जाएंगी। एनटीए ने कहा है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा रद्द की गई है। बिहार में नीट परीक्षा में सॉल्वर गैंग एक्टिव थी। 60 लाख रुपए में एक सीट की डील हुई थी। एग्जाम से ठीक पहले पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया था। इसका मास्टरमाइंड एक एमबीबीएस छात्र था। नालंदा पुलिस ने गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

### जंगली हाथियों ने बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंदी चक गांव से सामने आया है जहां मंगलवार तड़के हाथियों के झुंड ने एक 60 वर्षीय वृद्ध को कुचलकर मार डाला। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान बिंदी चक निवासी राजा राम पासवान के रूप में हुई है।

### चार राज्यों में सक्रिय खूंखार माओवादी ने किया सरेंडर

**कोलकाता(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार, ओडिशा, झारखंड और बंगाल में सक्रिय एक माओवादी ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। उसका नाम मधाई पात्रा है तथा हुगली जिले का निवासी है। आत्मसमर्पण करने के बाद वह ईमानदारी से चैन का जीवन बिताना चाहता है। इसी मंशा से उसने कोलकाता पुलिस के आगे अपने हथियार डाल दिये।

### आज जारी होगा सीबीएसइ 12वीं का परीक्षा परिणाम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सीबीएसइ 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम 13 मई (बुधवार) को जारी होगा। यह परीक्षा परिणाम मंगलवार को ही जारी होना था लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से इसे जारी नहीं किया जा सका। बोर्ड ने कहा है कि विद्यार्थी परीक्षा परिणाम अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। वेबसाइट पर अत्यधिक लोड होने की वजह से विद्यार्थी डिजिलॉकर और उमंग एप का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बोर्ड की ओर से स्कूलों को छह अंकों का सिक्योरिटी पिन भी जारी किया गया है।

### 37 नए डिग्री कॉलेजों के लिए प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत छह जिलों के महाविद्यालय विहीन प्रखंडों में खुलने वाले नए 37 डिग्री कालेजों के लिए प्रभारी प्राचार्य नामित हो गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मंगलवार को प्राचार्यों का चयन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के प्रोफ़ेसर और सीनियर स्केल वाले असिस्टेंट प्रोफ़ेसर को यह जिम्मेदारी दी है। सबसे अधिक एलएस कालेज से छह शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# आमलोगों के घरों में शीघ्र मिले पीएनजी की सुविधा : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में आयोजित इस बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार में पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और एलपीजी गैस का कनेक्शन स्टाक, खपत एवं आपूर्ति की वर्तमान स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आकिारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कालोनी, अपार्टमेंट जैसे स्थानों पर बने सामूहिक घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में फोकस करें। इससे अधिक घरों तक पाइप्ड नेचुरल गैस की पहुंच बढ़ेगी जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस काम में और अधिक तेजी लाकर निचले स्तर तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। हमारी प्राथमिकता है कि आमलोगों को अधिक से अधिक सुविधा मिले। इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने राज्य में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की और कहा कि राज्य में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी की अभी पर्याप्त उपलब्धता है इसलिये लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर ही चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल करें। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के क्रय और उसके इस्तेमाल पर जोर दिया। इस अवसर पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. बी. राजेंदर, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, एवं संजय कुमार सिंह सहित तेल कंपनियों के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 50 हजार रिश्वत लेते अमीन रंगे हाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** वैशाली जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लालगंज अंचल के अमीन सुजीत कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। एसवीयू के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र के इनायतपुर प्रबोधी सराय निवासी आनंद कुमार और लालगंज थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक निवासी पप्पु कुमार ने एसवीयू पटना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जमीन परिमार्जन और मापी से जुड़े कार्य के बदले अमीन सुजीत कुमार रिश्वत की मांग कर रहा था। परिवादियों के अनुसार पप्पु कुमार की जमीन की मापी एवं परिमार्जन के लिए तीन लाख रुपये तथा आनंद कुमार से 60 हजार रुपये घूस मांगी गई थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर कांड संख्या-18/2026 दर्ज किया गया। इसके बाद विशेष निगरानी इकाई ने आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रभूषण के नेतृत्व में गठित टीम ने जाल बिछाया और आरोपी अमीन सुजीत कुमार को पप्पु कुमार से पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को घर पर ही मिलेगी राशन सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को उनके घर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु पायलट प्रोजेक्ट लागू होगा। मंगलवार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने विभागीय स्तर पर समीक्षा बैठक में पायलट प्रोजेक्ट लागू करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नया राशन कार्ड बनाने एवं खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करें। जन वितरण प्रणाली की दुकानों में रिक्त पदों को भी तय समय सीमा के अंदर भरने की कार्रवाई पूरी करें। बैठक में सचिव अभय कुमार सिंह, विशेष सचिव उपेन्द्र कुमार, निदेशक विभूति रंजन चौधरी, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के प्रबंध निदेशक सुनील कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी मंत्री को पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। मंत्री ने कहा कि खाद्यान्न आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में गेहूं एवं दलहन अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सहकारिता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पीपीपी माडल पर गोदाम निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार करने को कहा, ताकि भंडारण क्षमता को और मजबूत बनाया जा सके।

## जनता की समस्याओं को सुनना सरकार की जिम्मेदारी : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी स्थित जदयू कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के कई मंत्री मौजूद रहें। कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील का समर्थन किया जिसमें लोगों से तेल की बचत और गैरजरूरी खर्चों में कमी लाने का आग्रह किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान का पूरे देश को समर्थन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैंने खुद अपने वाहनों की संख्या आधी कर दी है और अब केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही सरकारी यात्रा करेंगे। वहीं मंत्री शीला मंडल ने भी कहा है कि वे एक ही गाड़ी का इस्तेमाल करेंगी। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना सरकार की जिम्मेदारी है। पहले भी इस तरह का कार्यक्रम लगातार चलता रहा है। विजय चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा और हर दिन अलग-अलग मंत्रियों की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि लोगों को अपनी बात सीधे सरकार तक पहुंचाने का अवसर मिलता रहे। उन्होंने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति या सरकार का विषय नहीं है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए देशहित में यह जरूरी है कि हम संसाधनों की बचत करें। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं वे देशहित को समझ नहीं रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कोई आदेश नहीं दिया है बल्कि देशहित में सुझाव और अपील की है। अगर लोग इसका पालन करेंगे तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और पेट्रोल-डीजल की खपत भी कम होगी। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार भी देश का हिस्सा है और यहां के लोग भी प्रधानमंत्री के आह्वान का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आम लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मंत्री शीला मंडल ने भी प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि पूरे देश को साथ देना चाहिए। मैंने खुद पहल करते हुए एक ही गाड़ी से चलने का निर्णय लिया है और जरूरत नहीं होने पर यात्रा से बचने का प्रयास करूंगी। उन्होंने महिलाओं से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि देशहित में एक वर्ष तक सोना खरीदने से परहेज करें। उनका कहना था कि अगर लोग थोड़ी जागरूकता दिखाएं तो इससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी।

## लोगों की शिकायतों का करें समाधान : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना के हुए इस दौरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को चौंका दिया। हालांकि कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह साफ दिखाई देने लगा। बड़ी संख्या में समर्थकों ने 'नीतीश कुमार जिंदाबाद' के नारे लगाए जिससे जदयू कार्यालय का माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंग गया। इधर नीतीश कुमार जब आए थे तब उस समय जदयू दफ्तर में मंत्रियों का साप्ताहिक जनता दरबार चल रहा था। नीतीश कुमार जनसुनवाई हॉल में भी अचानक ही पहुंच गए और वहां मौजूद लोगों की समस्याओं को सुनने की प्रक्रिया का जायजा लिया। जनता दरबार में मंत्री शीला कुमार मौजूद थीं। नीतीश कुमार ने मंत्री से बातचीत की। उनसे काम काज के बारे में जानकारी ली। पूछा कि सबकुछ ठीक तरह से चल रहा है न? किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है न? इसपर मंत्री ने भी कहा कि सबकुछ ठीक चल रहा है। नीतीश कुमार ने लोगों से भी बातचीत की। इसके बाद उन्होंने मंत्री को शिकायतकर्ताओं की शिकायत का समाधान करने का निर्देश दिया। करीब 25 मिनट बाद नीतीश कुमार जदयू दफ्तर से बाहर निकल गए। इस दौरान उनसे पत्रकारों ने सवाल पूछने की कोशिश की लेकिन वह बिना कुछ ही चले गए। इस मामले में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार नियमित रूप से पार्टी कार्यालय आते हैं और हम सभी को मार्गदर्शन देते रहते हैं। उनके नेतृत्व, नीतियों, सिद्धांतों और विजन के तहत ही पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है।

## थाइलैंड की दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी 41वीं बटालियन ने बड़ी कार्रवाई की है। अन्य सुरक्षा एजेंसी की गुप्त सूचना पर दो थाई महिला नागरिकों को नेपाली और स्थानीय दलाल के साथ संदिग्ध हालत में बॉर्डर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसएसबी रानीडांगा की 41वीं बटालियन ने करीब 5:30 बजे भारतीय पिलर संख्या 88/08 के पास (पुलिस स्टेशन नक्सलबाड़ी, जिला दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल) एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान क्विक रिस्पॉन्स टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। 41वीं बटालियन ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में दो थाई नागरिक (महिला), एक नेपाली नागरिक और एक भारतीय नागरिक शामिल हैं। साथ ही एक कार जब्त की गई है।

## निजी स्कूलों में नहीं चलेगी मनमानी : मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के वर्तमान सरकार ने राज्य के लाखों अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए निजी स्कूलों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। सीएम सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया है कि अब प्रदेश के निजी स्कूलों में मनमानी नहीं चलेगी। शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक व्यापक कार्ययोजना की घोषणा की है जिसका उल्लंघन करने पर स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि निजी स्कूलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की पहल की गई है। प्रदेश के निजी स्कूलों में मनमानी रोकने, फीस को नियंत्रित करने और छात्रों व अभिभावकों के हितों की रक्षा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब नए आदेश के बाद निजी स्कूलों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट में फीस का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। इससे पिछले साल की तुलना में वर्तमान साल की फीस का स्पष्ट अंतर दिखाना अनिवार्य है ताकि अभिभावकों को हर मद में ली जा रही राशि की सही जानकारी मिल सके। सम्राट चौधरी ने साफ लहजे में कहा कि आदेशों का उल्लंन करने वाले संस्थानों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। यदि कोई स्कूल बार-बार नियमों की अनदेखी करता है तो शिक्षा विभाग उसपर कड़ा एक्शन लेगा। सरकार ने अभिभावकों से भी अपील की है कि किसी भी तरह की अनावश्यक वसूली की शिकायत सीधे संबंधित जिले के शिक्षा अधिकारी से करें।

## वर्दी सेवा के लिए है, धौंस दिखाने के लिए नहीं : डीजीपी


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और घरेलू हिंसा के मामलों को लेकर पुलिस मुख्यालय अब सख्त नजर आ रहा है। इसी कड़ी में बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने घरेलू हिंसा और जेंडर आधारित हिंसा विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिसकर्मियों को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ कहा कि पुलिस की वर्दी रौब दिखाने के लिए नहीं बल्कि जनता की सेवा के लिए मिली है। कार्यशाला के उद्घाटन के बाद डीजीपी विनय कुमार ने महिला पुलिसकर्मियों के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर महिला पुलिसकर्मी लोगों से रौब में बात करती हैं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता सबसे जरूरी है। डीजीपी ने एक मामले का जिक्र करते हुए बताया कि एक महिला एसएचओ ने गरीब परिवार से 9 हजार रुपये और चार चक्का गाड़ी की मांग की थी। इतना ही नहीं किराये की गाड़ी लेकर कई दिनों तक घूमती रही। इस पर नाराजगी जताते हुए डीजीपी ने कहा कि ऐसे पुलिसकर्मियों को वर्दी पहनने का अधिकार नहीं है। डीजीपी ने दहेज प्रथा पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस में कई जवान और अधिकारी दहेज मामलों में फंसे पाए गए हैं। ऐसे लोगों को नौकरी में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ पुलिसकर्मी शादी के बाद दूसरी शादी कर लेते हैं और पहली पत्नी को छोड़ देते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महिला थाना पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए डीजीपी ने कहा कि वे सिर्फ थाने तक सीमित न रहें बल्कि गांव और पंचायत स्तर तक जाकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं बल्कि समाज की सोच से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी तब तक महिलाओं के खिलाफ अपराध पूरी तरह खत्म नहीं होंगे। डीजीपी विनय कुमार ने महिला पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे पीड़ित महिलाओं और बच्चियों के साथ सहानुभूति और सम्मान से पेश आएं। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं मानसिक रूप से टूटी हुई हालत में थाने पहुंचती हैं। ऐसे समय में पुलिस का व्यवहार ही उनके लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनता है। कार्यशाला में डीजीपी ने कहा कि जेंडर बेस्ड वॉयलेंस से जुड़े मामलों में तेजी से कार्रवाई होनी चाहिए और दोषियों को जल्द सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बिहार के अलग-अलग जिलों में जागरूकता अभियान और सहयोग शिविर चलाए जाएंगे ताकि महिलाओं को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## भोजपुर-बक्सर सीट पर रिकॉर्ड 98% मतदान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधान परिषद की भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकार सीट पर मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। सुबह आठ बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम चार बजे तक चली। निर्वाचन पदाधिकारी सह भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के अनुसार कुल 97.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक आईएएस अधिकारी राजीव रोशन मतदान प्रक्रिया के दौरान मौजूद रहे और पूरे चुनाव पर नजर बनाए रखी। इस सीट के लिए मतों की गिनती 14 मई को आरा स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों की किस्मत अब मतपेटियों में बंद हो गई है। चुनाव को लेकर भोजपुर और बक्सर दोनों जिलों में प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गौरतलब है कि यह सीट राधाचरण साह के इस्तीफ़े के बाद रिक्त हुई थी। वे संदेश विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हो गए थे, जिसके बाद विधान परिषद की सदस्यता छोड़नी पड़ी।



C M Y K

# फार्मर रजिस्ट्री का दूसरा चरण शुरू, सभी किसानों के बनेंगे फार्मर आईडी

## बिचौलियों की दीवार गिराकर सरकार और किसान के बीच मजबूत सेतु बन रहा है 'एग्री स्टैक' : कृषि मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि भवन के सभागार से पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के किसानों की फार्मर आईडी बनाने के साथ फार्मर रजिस्ट्री के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के पांच किसानों लछमिनिया देवी, सुनील कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, अजय कुमार और उदय कुमार को फार्मर आईडी का वितरण किया। विजय कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। आज हम उस डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण की शुरुआत कर रहे हैं जो हमारे अन्नदाताओं के जीवन में खुशहाली और पारदर्शिता का नया सवेरा लेकर आएगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस महान विजन का हिस्सा है जिसमें उन्होंने डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का सपना देखा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि जब तकनीक और किसान का मेल होगा, तभी भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि एग्री-स्टैक उसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है जो बिचौलियों की दीवार को गिराकर सीधे सरकार और किसान के बीच एक मजबूत सेतु बना रहा है। साथ ही सुशासन से विकसित बिहार बनाने के संकल्प को साकार करना हम सबकी जिम्मेवारी है। कृषि विभाग ने कृषि रोड मैप के माध्यम से बिहार के किसानों की खुशहाली को प्राथमिकता दी है। कृषि रोड मैप में कृषि विभाग के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग भी पहले से जुड़ा हुआ है। आज कृषि विभाग और राजस्व विभाग का यह अद्भुत समन्वय इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि पूर्व में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री के नाते हमने वर्षों से लंबित म्यूटेशन एवं परिमार्जन को विभागीय पोर्टल के माध्यम से युद्धस्तर पर कार्यान्वित कराया जिसके फलस्वरूप फार्मर रजिस्ट्री की यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। राज्य में कुल 4 करोड़ 54 लाख जमाबंदी कायम है। कृषि विभाग के पोर्टल पर अभी तक 88 लाख 40 हजार किसानों का ई-के0वाई0सी0 पूर्ण किया गया है जिसमें से 47 लाख 85 हजार किसानों का फार्मर आई0डी0 बना है। शेष 40 लाख 54 हजार किसानों का फार्मर आई0डी0 तैयार किया जाना है। हमारा संकल्प है कि राज्य के सभी किसानों का फार्मर आई0डी0 बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में हमने 47 लाख 85 हजार से अधिक किसानों का सफल पंजीकरण कर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है।

# पशुपालन क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने की दिशा में तेजी से हो रहा कार्य : मंत्री नंदकिशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने मंगलवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का दौरा कर वहां संचालित शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पौधा भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, पशु स्वास्थ्य जांच शिविरों, टीकाकरण अभियानों, आधुनिक शोध कार्यों तथा पशुपालकों के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उत्पादों जैसे बटेर लिट्टी, चिकेन लिट्टी एवं व्हे सूप आदि के बारे में भी अवगत कराया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है और राज्य को पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने वैज्ञानिकों को 'बिहार का भाग्य निर्माता' बताते हुए कहा कि उनके शोध एवं नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने एवं रोजगार सृजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने गौवंश के साथ भैंस पालन को बढ़ावा देने, मुर्रा नस्ल के संवर्धन तथा रोजगारपरक योजनाओं के निर्माण पर विशेष बल दिया। साथ ही राज्य में दो नए पशु विज्ञान महाविद्यालय खोलने की दिशा में पहल किए जाने की बात भी कही। दौरे के दौरान मंत्री ने विश्वविद्यालय के पशु प्रक्षेत्र परिसर का निरीक्षण किया तथा देशी नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में पशुपालन के क्षेत्र में हो रहे विकास को और गति देने के लिए सरकार एवं विश्वविद्यालय मिलकर कार्य करेंगे, ताकि इसका सीधा लाभ पशुपालकों तक पहुंच सके। इस अवसर पर विभाग एवं विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

# पटना कॉलेज में पौधारोपण एवं सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना कॉलेज में एनवायरनमेंट वॉरियर्स एवं हमारी गौरैया के द्वारा वृक्षारोपण एवं पक्षियों के लिए घोंसला एवं सकोरा लगाने का कार्यक्रम रजनीश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को किया गया जिसमें पटना कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए सकोरा लगाया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि जल ही जीवन है एवं वृक्ष मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे देश में पक्षियों के कई प्रजाति गायब हो गए या हो रहे हैं उसे संरक्षित करने हेतु एक वातावरण बनाना होगा तभी हम लोग विलुप्त प्रजातियों को संरक्षित कर सकते हैं। इस कार्य में भूगोल विभाग के डॉ. राकेश कुमार गोंड, डॉ.रणजीत कुमार, डॉ. अनिल कुमार अकेला, डॉ. उदय शंकर, डॉ. मोहम्मद सलीम अख्तर एवं अन्य कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। एनवायरनमेंट वॉरियर्स से शानू कुमार राज, निश्चल कुमार, रिम्पी ऐश्वर्य, प्रिया कुमारी, प्रियांशु रंजन, राज कुमार, संजन कुमार, दानिश अख्तर आदि उपस्थित थे।

# डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री बनने पर मंत्री श्रवण कुमार ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल यू विधायक दल के नेता, ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने प्रेस बयान जारी कर डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को पुनः असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि असम की जनता ने आपके कार्यों, विकास की सोच और मजबूत नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए आपको पुनः राज्य की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। आपके पुनः मुख्यमंत्री बनने से असम विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता के नए आयाम स्थापित करेगा।


# क्षमता निर्माण और प्रभावी मॉनिटरिंग से विकास योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार : अपर मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, डेटा आधारित मूल्यांकन तथा विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से राज्य के समग्र एवं संतुलित विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। योजना एवं विकास विभाग की ओर से मंगलवार को विभाग के अंतर्गत राज्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की द्विदिवसीय कमिश्नरीवार समीक्षात्मक बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक का उद्घाटन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने किया। यह समीक्षा एवं अनुश्रवण बैठक 12 एवं 13 मई 2026 को आयोजित की जा रही है। आयोजित समीक्षा बैठक में तिरहुत प्रमंडल, पूर्णिया प्रमंडल, कोसी प्रमंडल, दरभंगा प्रमंडल एवं सारण प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों, लंबित कार्यों तथा क्षेत्रीय स्तर पर आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने उद्घाटन संबोधन में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कमिश्नरीवार समीक्षा व्यवस्था से योजनाओं की जमीनी प्रगति का बेहतर आकलन संभव हो रहा है तथा इससे क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान में सहायता मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। बैठक के दौरान पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-ऋ, विशेष केंद्रीय सहायता योजना, समेकित शरणालय निर्माण योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना, ई-किसान भवन, कृषि सड़क एवं पथकर निर्माण योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विभाग के अधिकारी, संबंधित प्रमंडलों के पदाधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमांता बिस्वा सरमा को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने हिमांता बिस्वा सरमा को असम के मुख्यमंत्री पद की लगातार दूसरी बार शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हिमांता बिस्वा सरमा ने अपने दृढ़ संकल्प, कुशल प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के बल पर देश की राजनीति में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका नेतृत्व पूर्वोत्तर भारत में विकास, सुशासन और राजनीतिक स्थिरता का नया अध्याय लिख रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हिमांता बिस्वा सरमा ने जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रभावी प्रशासन के माध्यम से असम को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनता के हित में लिए गए फैसलों और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें जनप्रिय नेता के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमांता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि उनका कार्यकाल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## बिहार कांग्रेस ने की संगठन सृजन अभियान की समीक्षा

# बीस जून तक हो जाएगा प्रदेश कमेटी का गठन : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मंगलवार को मैराथन बैठकें आयोजित की गई। सबसे पहले 53 सांगठनिक जिलों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई इसके ठीक बाद सभी जिला पर्यवेक्षकों और जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। संगठन सृजन अभियान की समीक्षा के लिए बुलाई गई इन बैठकों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने स्पष्ट कहा कि प्रखंड स्तर पर आगामी 5 जून तक संगठन सृजन का काम हर हाल में पूरा कर लेना है। राजेश राम ने स्पष्ट कहा कि तय सीमा में काम करना सबके लिए अनिवार्य है, पार्टी अनुशासन के मामले में किसी भी स्तर पर कोई ढील नहीं देगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने एक बड़ी घोषणा की। राजेश राम ने कहा कि हर हाल में 20 जून तक सभी जिला कमिटियों और प्रदेश कमिटी का गठन कर लिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने संगठन के व्यापक स्वरूप पर चर्चा की और स्पष्ट कहा कि जो लोग मेहनत कर रहे हैं वह चाहे नए लोग हों या पुराने पार्टी में उनकी बड़ी भूमिका तय की जाएगी। नए लोगों को पूरा अवसर दिया जाएगा। सेकेंड लाइनर लीडरशिप को आगे बढ़ाकर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूती दी जाएगी। इसी के साथ राज्य भर में फैली कांग्रेस की परिसंपत्तियों पर से भू माफिया का कब्जा हटाकर राज्य के निर्माण में उनका इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाएगा।

# पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर मंत्री श्रवण कुमार ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कुर्था के पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने शोक संदेश में कहा है कि स्वर्गीय विधायक का राजनीतिक सफर अभूतपूर्व रहा है। उनके जाने से समाज को गहरी क्षति हुई है। सूचना-जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि 77 वर्ष की उम्र में बागीजी का निधन दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड के झमन विगहा निवासी बागी कुमार वर्माजी पूर्व में बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री रह चुके हैं। 1995 से 2005 तक वे मखदुमपुर विधानसभा से विधायक भी रहे। उनके निधन से राजनैतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मंत्री ने पूर्व विधायक की आत्मा की शांति और दुख की घड़ी में शुभचिंतकों तथा परिवार के सदस्यों को शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# शिक्षा मंत्री से मिला परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नवमनोनीत शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर शिक्षा मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के शिक्षकों को आ रही विभिन्न प्रशासनिक और सेवा संबंधी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। महासंघ के नेताओं ने शिक्षकों के लंबित मामलों, वेतन विसंगतियों और कार्यदशाओं में सुधार को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं और उनकी जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र हल किया जाएगा। मुलाकात के बाद महासंघ के नेताओं ने मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी-नवनीत कुमार (प्रदेश अध्यक्ष) एवं प्रणय कुमार (प्रदेश संयोजक)-शिक्षा मंत्री के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों पर ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# लाभुकों तक समय पर योजनाएं पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता : श्वेता गुप्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने समेकित बाल विकास परियोजना निदेशालय के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बेहतर सुविधाएं, बुनियादी ढांचा और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही आईसीडीएस के लिए एक समर्पित टोल-फ्री नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया। इसकी मदद से लाभुकों और आमजनों की शिकायतों और सुझावों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि निदेशालय की सभी योजनाओं को समय पर उपर्युक्त लाभुकों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है।

# सनातन शाश्वत सत्य, इसे मिटाने का अहंकार पालने वाले खुद मिट गए : प्रो. रणबीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन के हालिया 'सनातन विरोधी' बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए इसे उनकी वैचारिक शून्यता करार दिया है। प्रो. नंदन ने मंगलवार को पटना में जारी एक बयान में कहा कि जिस सनातन धर्म को मिटाने की बात उदयनिधि कर रहे हैं, वह किसी सत्ता या व्यक्ति की देन नहीं बल्कि एक शाश्वत सत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक हार की खीझ अब उदयनिधि, एमके स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी कर उतार रही है जो उन्हें और अधिक राजनीतिक रसातल की ओर ले जाएगा। प्रो. नंदन ने जोर देकर कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े आक्रांताओं ने भी इसे नष्ट करने का दंभ भरा था, लेकिन वे खुद इतिहास के कूड़ेदान में चले गए। प्रो. रणबीर नंदन ने उदयनिधि स्टालिन के बयान के पीछे की राजनीतिक मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब चुनावी पराजय का परिणाम है। उन्होंने प्रमुखता से यह बात जोड़ी कि विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक हार ने डीएमके नेतृत्व को विचलित कर दिया है। इसी हताशा और खीझ को अब सनातन धर्म पर प्रहार के रूप में निकाला जा रहा है। प्रो. नंदन के अनुसार इस तरह की ओछी राजनीति एमके स्टालिन और उनकी पार्टी को विनाश की ओर ले जाएगी क्योंकि भारत की जनता अपनी आस्था पर प्रहार कभी स्वीकार नहीं करती। प्रो. नंदन ने सनातन की व्याख्या करते हुए कहा कि यह 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के मूल मंत्र पर आधारित है। यह विचारधारा समाज में ऊंच-नीच नहीं, बल्कि आत्मा की एकता और समानता सिखाती है। उनके अनुसार जो लोग इसे विभाजनकारी कहते हैं वे केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि सनातन केवल एक पूजा पद्धति नहीं है बल्कि यह एक अत्यंत उन्नत जीवन दर्शन है जिसने भारत को कला, विज्ञान, साहित्य और संस्कृति का वैभव दिया है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता जरूरी : डा. संतोष सुमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखा जाय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की जांच के लिए अधिकारी खुद मौके पर जाएं। रिपोर्ट तैयार कर 15 जून तक अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं। डॉ. सुमन ने कहा कि जल्द ही वह अलग-अलग जिलों में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे। अच्छा कार्य करने वाले बधाई के पात्र होंगे जबकि लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री डॉ. सुमन मंगलवार को जल भवन में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और अभियंताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर कोई भी अधिकारी गड़बड़ी करता है तो इसमें बदनामी सरकार की होती है। इस लिए सभी पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी बरतने की जरूरत है।

# 80 साल से अधिक के बुजुर्गों को घर तक राशन पहुंचाने की तैयारी : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खाद्य एवं उपभओक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को उनके घर तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए पायलट परियोजना लागू करने की संभावनाओं का आकलन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पायलट परियोजना के परिणामों के आधार पर इसे राज्यव्यापी स्तर पर लागू किया जाएगा। गौरतलब हो कि मंत्री अशोक चौधरी ने बीते शुक्रवार को विभाग में पदभार ग्रहण करते समय इसकी घोषणा की थी। अब वे इसपर तेजी से काम कर रहे हैं। बैठक में मंत्री अशोक चौधरी ने सही समय पर सही मात्रा में लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खाद्यान्न आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सहकारिता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दलहन खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# मॉनसून से पहले जब्त बालू की नीलामी कर करें निष्पादन : निदेशक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** खान एवं भूतत्व विभाग की विभागीय समीक्षात्मक बैठक निदेशक मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2026 का प्रशिक्षण सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को दिया गया। निदेशक ने कहा कि लंबित कार्य योजनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा मॉनसून अवधि को ध्यान में रखते हुए बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी/सीटीओ/सीटीई) से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि मॉनसून से पहले सभी लंबित मामलों का निष्पादन जल्द करें, ताकि बालू घाटों का संचालन बाधित न हो। इसके अतिरिक्त जब्त बालू के मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि मॉनसून पूर्व सभी जब्त बालू की निलामी कराया जाए तथा जब्त बालू का निष्पादन बिहार वित्त नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य हों सुनिश्चित : सुनील कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता में सुधार, तय समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण करने और सीमित सरकारी संसाधनों के सदुपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन बसावटों में जहां विशेष रूप से कमजोर वर्ग और मिश्रित आबादी रहती है और जहां मुख्य रूप से भूमि विवाद या अन्य कारणों से अबतक संपर्क पथ नहीं बन पाया है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गों से जोड़ा जाए।

ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार मंगलवार को विभागीय मुख्यालय में एक परिचयात्मक एवं समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस बैठक में विभाग के सचिव, अपर सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, राज्य के सभी प्रमंडलों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक से जुड़े रहे। ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तीन महीने के लिए स्पष्ट प्राथमिकताएं तय कीं हैं। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और अनुशासन को लेकर उन्होनें कई सलाह भी दी।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, दुकानदारों में अफरा-तफरी

## सड़क किनारे अवैध कब्जे हटाने उतरी प्रशासनिक टीम, दर्जनों दुकानदारों से वसूला जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर में सड़क अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी सख्त अभियान चलाया। पुलिस और नगर परिषद प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले ठेला एवं फुटपाथ दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपना ठेला और सामान लेकर भागते नजर आए जबकि कुछ का सामान सड़क पर गिर गया जिसे वे जल्दबाजी में उठाते दिखाई दिए। प्रशासन ने सोमवार को ही माइकिंग कर सड़क खाली करने की चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद कई दुकानदार मुख्य सड़क और नालों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाए हुए थे। मंगलवार को जैसे ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी थाना चौक से अंबेडकर चौक तक अभियान चलाने निकले, वैसे ही सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों में हड़कंप मच गया।

**सड़क और नाले पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई**

अभियान के दौरान प्रशासन ने सड़क एवं नाला पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले लगभग एक दर्जन दुकानदारों से करीब साढ़े छह हजार रुपये जुर्माना वसूला। कई दुकानदारों ने अपनी दुकान सड़क पर नहीं होने की दलील दी, लेकिन प्रशासन ने किसी की नहीं सुनी और अतिक्रमण पाए जाने पर अर्थदंड लगाया। नगर परिषद प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान कई दुकानों का सामान भी जब्त किया तथा ठेला दुकानदारों को थाना चौक स्थित चयनित त्रिमुहानी जमीन पर दुकान लगाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि मुख्य सड़क पर किसी भी परिस्थिति में ठेला वेंडरों का ठहराव नहीं होने दिया जाएगा।

**जनवरी में भी चला था अभियान, फिर लौट आए थे दुकानदार**

गौरतलब है कि जनवरी माह में भी अनुमंडल प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर थाना चौक स्थित त्रिमुहानी जमीन पर ठेला दुकानदारों को शिफ्ट कराया था। हालांकि कुछ दिनों बाद फिर से कई दुकानदार सड़क पर दुकान लगाने लगे थे। इसी को देखते हुए प्रशासन ने दोबारा सख्त कार्रवाई शुरू की है।

**अतिक्रमण रोकने के लिए दो शिफ्ट में तैनात किए गए दंडाधिकारी**

थाना चौक से अंबेडकर चौक तक सड़क पर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए अनुमंडल प्रशासन ने दो शिफ्टों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। पहली पाली सुबह 9 बजे से 10 बजे तक तथा दूसरी पाली शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रतिनियुक्त अधिकारियों में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव राय, राजस्व पदाधिकारी तौकीर अहमद, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार निराला, नगर प्रबंधक आसिफ सेराज, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि ड्यूटी के दौरान मुख्य मार्ग पर किसी भी ठेला वेंडर को रुकने नहीं दिया जाएगा। साथ ही टैक्स दारोगा को भी दंडाधिकारियों के साथ लगाया गया है ताकि अवैध अतिक्रमण करने वालों से निर्धारित जुर्माना वसूला जा सके।

**कार्रवाई में ये अधिकारी रहे मौजूद**

अभियान के दौरान अवर निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी प्रणव राय, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं नगर परिषद कर्मी मौजूद रहे।

**क्या बोले अधिकारी**

अवर निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है और आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया है तथा सभी ठेला दुकानदारों को त्रिमुहानी जमीन में दुकान लगाने का निर्देश दिया गया है।

# मंत्री जमा खान का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान का पटना आवास से चैनपुर विधानसभा स्थित अपने पैतृक गांव नवघरा जाने के क्रम में दिनारा विधानसभा के मालियाबाग चौक पर पांचवीं बार मंत्री बनने के बाद पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया जहां भारतीय जनता पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड सहित एनडीए के घटक दलों के कार्यकर्ताओं तथा वरिष्ठ समाजसेवियों ने फूलमाला एवं अंग वस्त्र से मंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा रोहतास के जिला उपाध्यक्ष पिंटू सिंह कर्मा, अजय सिंह मुखिया, जनार्दन सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र सिंह, अशोक सिंह, मजहर, आशुतोष, रॉकी सिंह समेत सैकड़ों समर्थकों व जदयू सूर्यपुरा के प्रखंड अध्यक्ष रवि पटेल, बक्सर जिला प्रभारी अभिषेक पटेल, पिंटू सिंह मुखिया, सभाचंद चौधरी, अरविंद पटेल, हाशिम अंसारी व मास्टर विजय ने फूल-माला व अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान मंत्री ने दावथ एवं सूर्यपुरा प्रखंड की जनता से मिले स्नेह का जिक्र करते हुए दोनों क्षेत्र में योजनाएं, छात्रावास, कौशल विकास केंद्र एवं अन्य विकास के कार्यों में तेजी लाने का भरोसा दिया और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हर प्रखंड का संतुलित विकास हो रहा है।

# नेहाल आलम की मौत मामले में न्याय की मांग तेज

## चेनारी थाना में सौंपा गया मांग पत्र, मुआवजा व दोषियों पर कार्रवाई की उठी मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** चेनारी में निर्माणाधीन भारतमाला एक्सप्रेसवे परियोजना के दौरान हुई दुर्घटना में नेहाल आलम की मौत के बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग तेज हो गई है। सोमवार को स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने चेनारी थाना परिसर में पीएनसी कंपनी के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मांग पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। इस दौरान पूर्व चेनारी विधानसभा प्रत्याशी अमित पासवान ने कहा कि भारतमाला एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य के दौरान लगातार हो रही दुर्घटनाएं कंपनी एवं ठेकेदार की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय, उचित मुआवजा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा तथा निर्माण कार्य बाधित रहेगा। मांग पत्र के माध्यम से पीड़ित परिवार एवं स्थानीय लोगों ने कई महत्वपूर्ण मांगें प्रशासन एवं कंपनी के समक्ष रखीं। इनमें मृतक के आश्रित परिवार को उचित मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को कंपनी में रोजगार एवं पेंशन की व्यवस्था करने, घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी, ठेकेदार एवं साइट इंजीनियर पर कार्रवाई करने की मांग शामिल है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में नर्सों को किया सम्मानित

## नर्सें हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न अंग : डॉ. एस. निशा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** तारबंगला स्थित अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी नर्सिंग स्टॉफ के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सों के समर्पण और सेवा भावना को सराहा गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल के मुख्य सर्जन डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा ने सभी नर्सों को उपहार एवं मिठाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व नर्सिंग स्टॉफ ने केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया और खुशियां साझा कीं। सभी नर्सिंग स्टॉफ ने डॉक्टरों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. एस. निशा ने कहा कि 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन के रूप में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि नर्सें केवल सफेद कोट पहनने वाले कर्मचारी नहीं, बल्कि देखभाल, करुणा और धैर्य की प्रतिमूर्ति होती है। डॉक्टर जहां दवा लिखते हैं वहीं उस दवा को मरीज के जीवन में असरकारी बनाने का कार्य नर्सें करती हैं। वे दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं और हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि महामारी या स्वास्थ्य संकट के समय नर्सें अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा करती है। उनका निस्वार्थ समर्पण वास्तव में मानवता की रक्षा का प्रतीक है। वहीं मुख्य सर्जन डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य प्रणाली का मजबूत स्तंभ है जिनके बिना चिकित्सा सेवा अधूरी है। उन्होंने सभी से नर्सों के समर्पण को सम्मान देने और उन्हें उचित सुरक्षा एवं सम्मान प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. ओ. पी. आनन्द, मैनेजर नसीम खान, कामता प्रसाद सहित अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार टेंपो पलटने से तीन घायल, एक की हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मघा से रोहतास आने के क्रम में एक तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों एवं समाजसेवी विशाल देव की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में शंभू शाह (55 वर्ष), निवासी अलीनगर, झारखंड की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों में नेहा कुमारी (19 वर्ष), निवासी नौहट्टा तथा साक्षी कुमारी (13 वर्ष), निवासी नौहट्टा शामिल हैं। दोनों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो काफी तेज गति में था जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टेंपो सड़क किनारे पलट गया।

# शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : सोनू सिंह

## जमुहार पंचायत के महादेव उच्च विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा कक्ष का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। शिक्षित समाज ही विकास की दिशा तय करता है और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। विधायक सोनू सिंह डिहरी प्रखंड अंतर्गत जमुहार पंचायत के महादेवा स्थित उच्च विद्यालय में नवनिर्मित कक्षा कक्ष के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और जनता से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और आगे भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी, कलम एवं ट्रॉफी का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी। बताया गया कि योजना एवं विकास विभाग की मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत लगभग 9 लाख 85 हजार 700 रुपये की लागत से नए कक्षा कक्ष का निर्माण कराया गया है। नए भवन बनने से विद्यालय के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक धर्मदेव प्रसाद, जगन चंद्रवंशी, विष्णु पासवान, ललन सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आरपीएफ ने लावारिस झोले से 68 बोतल देसी शराब बरामद की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए लावारिस हालत में रखी 13.6 लीटर देशी शराब बरामद की है। बरामद शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना (जीआरपी) डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव एवं आरक्षी अभिमन्यु सिंह रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-2 के पूर्वी छोर पर एक कपड़े का झोला लावारिस हालत में पड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर आरपीएफ टीम ने झोले की जांच की। जांच के दौरान उसमें कुल 68 अदद ब्लू लाइम मसालेदार देशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 13.6 लीटर बताई गई है जिसकी अनुमानित कीमत 5,440 रुपये आंकी गई है। आरपीएफ ने मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शराब को जब्त कर लिया तथा आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया। मामले को लेकर जांच जारी है। उक्त शराब किसके द्वारा स्टेशन परिसर में रखी गई थी और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था।



**शपथ-पत्र**

मैं राजेश कुमार अग्रवाल, पिता स्व. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, निवासी मुहल्ला न्यू एरिया, जोड़ा मन्दिर डिहरी, वार्ड नं. 16, पोस्ट-डालमियानगर, थाना-डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि Riya Kumari मेरी पुत्री है जो जेम्स स्कूल कटार में 10वीं की छात्रा है। Riya Kumari मेरी पुत्री है जिसका जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेश कुमार अग्रवाल दर्ज है। मेरी पुत्री के विद्यालय के नामांकन रजिस्टर पंजी में मेरा नाम राजेश प्रसाद अग्रवाल दर्ज है जबकि उसके सभी प्रमाण पत्र में मेरा नाम राजेश कुमार अग्रवाल दर्ज है। राजेश कुमार अग्रवाल एवं राजेश प्रसाद अग्रवाल दोनों नाम मेरा ही है। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 1080 दिनांक 11.5.26

**शपथकर्ता**
**राजेश कुमार अग्रवाल**



# 19 मई से बिजली समाधान सहयोग शिविर की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सेवाओं को अधिक सुलभ और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा 19 मई मंगलवार से 'पंचायतवार बिजली समाधान सहयोग शिविर' की शुरुआत की जा रही है जो विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के तहत विभिन्न पंचायतों में आयोजित होगा और उपभोक्ताओं को उनके गांव के पास ही विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत सरकार भवनों में शिविर लगाए जाएंगे जहां बिजली बिल सुधार, नया कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना, खराब मीटर बदलना, बकाया भुगतान, लोड बढ़वाना, आपूर्ति संबंधी शिकायतें और अन्य तकनीकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर मौके पर ही समाधान किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारी और तकनीकी कर्मी स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतों का निवारण सुनिश्चित करेंगे जिससे उपभोक्ताओं को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े और अधिकतर समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को ऊर्जा संरक्षण, सुरक्षित विद्युत उपयोग, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी, ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सके। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम इं. ब्रवीम ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है और विभाग का मुख्य लक्ष्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, सरल एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित यह शिविर विभाग और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगा तथा बिजली सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे अपने पंचायत में आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के प्रथम चरण के अंतर्गत 19 मई को करूप, चनकी, करगहर, चांदी, मानपुर, लिलवछ, गिधा, उगहनी, लहेरी एवं आलमपुर सहित विभिन्न पंचायत सरकार भवनों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# बच्चों का अभियान चलाकर बनाया जा रहा आधार कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रिदम फाउंडेशन स्कूल में 11 से 13 मई 2026 तक आधार कार्ड अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रथम दिन डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी एवं आहुति रंजन निरीक्षक डाक घर केंद्रीय अनुमंडल सासाराम विद्यालय पहुंचे जहां विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह, मैनेजर दीपक कुमार एवं प्रधानाचार्य बिहारी पॉल ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक अरविंद सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन ने यह संकल्प लिया है कि विद्यालय के प्रत्येक छात्र के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है तथा इसी लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विद्यालय निरंतर कार्यरत है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि विद्यालय परिसर में चल रहा यह आधार शिविर पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को आधार कार्ड के महत्व के बारे में, सुकन्या समृद्धि योजनाओं, बचत खाता, बीमा योजनाओं एवं अन्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा आश्वस्त किया कि डाक विभाग सदैव इस प्रकार के जनहित कार्यों के लिए तत्पर रहेगा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु डाक अधीक्षक द्वारा चार कर्मियों की विशेष रूप से प्रतिनियुक्ति की गई है। 11 मई को अभियान के प्रथम दिन विद्यालय समय के दौरान कुल 57 विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाए गए एवं अपडेट किए गए। यह विशेष अभियान कल 13 मई तक जारी रहेगा। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने बच्चों के आधार संबंधी कार्य समय पर पूर्ण कराएं।

# लापता महिला का शव काव नदी से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ(रोहतास)।** दावथ थाना क्षेत्र के बभनौल गांव निवासी 45 वर्षीय मुनी तारा, सुपुत्री दलपत खान का शव सोमवार को मलियाबाग स्थित काव नदी में तैरता हुआ बरामद किया गया। बताया जाता है कि महिला रविवार शाम से घर से लापता थी। ग्रामीणों की सूचना पर सोमवार को मौके पर पहुंची दावथ थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। दावथ थानाध्यक्ष मनीष पंजियारा ने बताया कि मृतका के पुत्र आसिफ ने पुलिस को जानकारी दी।



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन सं.- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/04 दिनांक- 12.05.2026

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION (BCECE)-2026**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बी.सी.ई.सी.ई.)-2026**

**परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 14.04.2026 तथा 2026/03 दिनांक- 04.05.2026 के अनुसार दिनांक BCECE-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 10.05.2026 निर्धारित था। Registration की अवधि में मौसम की खराबी / नेटवर्क में आई दिक्कतों के कारण दुर-दराज के क्षेत्रों में Registration करने में आयी कठिनाईयों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर विचारोपरान्त **छात्रहित में BCECE-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **13.05.2026 (10.00 p.m.)** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **13.05.2026 (11.59 p.m.)** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **14.05.2026** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **22.05.2026** |
| (v) | **Proposed date of Examination** | : **30.05.2026 एवं 31.05.2026** |

(2) दिनांक 13.05.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में **यदि किसी अभ्यर्थी के Registered आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि हो गयी हो तो वे अपने भरे हुए Data को** (Email पता, Mobile No. एवं Identity type को छोड़ कर) **दिनांक 14.05.2026 को** "Online Application Portal of BCECE-2026" Link पर Click कर अपने **Registration No. एवं Password से login करते हुए त्रुटि सुधार कर सकते हैं।** इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी ।

**परीक्षा नियंत्रक**



# डीडीयू जंक्शन की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा

## निगरानी, सतर्कता एवं समन्वित सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ बनाने पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में यात्रियों, रेलकर्मियों एवं रेल परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं तकनीक समर्थ बनाने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आज आयोजित समीक्षा बैठक में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने डीडीयू जंक्शन, यार्ड, रेलवे कॉलोनी तथा संबद्ध रेल परिसरों में उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों, निगरानी प्रणालियों एवं आधारभूत व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में आरपीएफ के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सतर्कता एवं संवेदनशीलता भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यस्थलों एवं रेल परिसरों में किसी भी असामान्य गतिविधि अथवा संदिग्ध स्थिति के प्रति सजग रहते हुए आवश्यकतानुसार सुरक्षा विभाग के साथ समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान स्टेशन परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों, प्लेटफॉर्म, यार्ड, समपार फाटकों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी नेटवर्क, सुरक्षा बलों की नियमित गश्ती, अधिकृत आवागमन, आईडी जांच, स्कैनिंग उपकरणों, मेटल डिटेक्टर, डॉग स्क्वॉड, प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यकता आधारित ड्रोन सहित आधुनिक तकनीकी संसाधनों के उपयोग एवं पर्याप्त उपलब्धता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। रेल परिसरों में कार्यरत संविदा कर्मियों के अधिकृत पहचान पत्रों के अनिवार्य प्रदर्शन एवं नियमित सत्यापन की व्यवस्था को निरंतर प्रभावी बनाए रखने को कहा गया। इसके साथ ही संभावित संवेदनशील एवं दृष्टि से ओझल स्थलों की पहचान, रेल पथ एवं परिसरों के आसपास झाड़ियों एवं वनस्पतियों की साफ-सफाई, अनुपयोगी अथवा परित्यक्त भवनों एवं संरचनाओं की समीक्षा तथा नियमित फील्ड मॉनिटरिंग को और प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

# द्वितीय अपील की सुनवाई में मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में कृष्णा कुमार द्वारा विद्युत विपत्र में अंकित पते में आवश्यक सुधार करने के संबंध में, बिन्दा प्रसाद निराला द्वारा प्राथमिक विद्यालय सहगाजीपुर (नरहट) से विद्यालय विकास की राशि का गबन करने तथा विद्यालय की बैंक पासबुक एवं विद्यालय की कैश बुक गायब कर देने के संबंध में, नंदन कुमार द्वारा भूमि की विवरणी ऑनलाइन प्रविष्टि करते हुए ऑनलाइन जमाबंदी कायम करने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय




अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

## सड़क हादसे में 11 वर्षीय बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में 11 वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान रुस्तमपुर गांव निवासी उदय मंडल की पुत्री सलोनी कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सलोनी कुमारी घर से शौच के लिए बधार की ओर जा रही थी। इसी दौरान कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ से रुस्तमपुर संपर्क सड़क पर तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बाइक चालक भी जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बच्ची को इलाज के लिए कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। वहीं घायल बाइक चालक भोरमबाग गांव निवासी राजो मांझी के पुत्र रविंद्र मांझी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में सोमवार की रात्रि हाथियों के झुंड ने कई जगहों पर जमकर उत्पात मचाया, जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई तथा कई घरों को नुकसान पहुंचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिन्दीचक फुसबंग्ला, टोला आजादनगर निवासी राजाराम पासवान (55 वर्ष), पिता स्व० लखन पासवान की मौत पागल हाथी द्वारा कुचल दिए जाने से हो गई। बताया जाता है कि देर रात जंगल से निकले हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर गया। इसी दौरान हाथी ने राजाराम पासवान को अपनी चपेट में ले लिया और बुरी तरह कुचल दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हाथियों द्वारा सोमवार की रात्रि अचानक किये गए हमले से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया। वहीं घटना से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को भलुआही बाजार के



समीप कौआकोल–रोह मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, हाथियों से सुरक्षा तथा स्थायी समाधान की मांग प्रशासन से की। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम हटवाने का प्रयास किया। बाद में कौआकोल रेंजर सौरभ सांडिल्य ने जाम स्थल पर पहुचंकर लोगों को समझाया बुझाया एवं बीस हजार रुपये नकद आर्थिक सहायता राशि देकर वन विभाग द्वारा हर सम्भव सहायता देने का भरोसा दिलाया। तब जाकर आक्रोशित ग्रामीण मानें और लगभग दो घण्टे बाद सड़क जाम हटा। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया।

# तेज आंधी-पानी और वज्रपात से लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तेज आंधी-पानी और वज्रपात से लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। हरदिया पंचायत के वार्ड संख्या 9 स्थित पुरानी हरदिया में सुबह के लगभग 6 बजे के आसपास एक मकान के ऊपर वज्रपात हुआ,जिससे मकान का छत क्षतिग्रस्त होकर टुकड़ों में बंट गया। इस दौरान मकान में रह रहे लगभग छह लोग के अलावे लगभग एक दर्जन बकरियां बाल-बाल बच गए। जिस घर पर वज्रपात हुआ था,उसके आसपास भी कई घर हैं,जो अभी डरे सहमे हैं। पीड़ित पुरानी हरदिया निवासी जगदीश सिंह के पुत्र मनोज सिंह ने बताया कि उनके पैतृक आवास में उनके भाई सुरेंद्र सिंह के अलावे गुड़िया देवी, नीरज सिंह, सूरज कुमार, लक्ष्मी कुमारी व धीरज कुमार रहा करते थे। मंगलवार को सुबह जब बारिश बंद हुई,तो लोग जैसे ही बाहर निकले थे



कि फिर से बारिश के साथ वज्रपात हुई,घर के बच्चे डर के मारे कोने में जा छुपे, जिससे उनलोगों की जान बच गई। सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि घर में सभी लोग होते, तो कई लोगों के साथ अप्रिय घटनाएं घटित हो सकती थी। बारिश के बाद बकरियों को भी बाहर निकालकर बांध दिया गया था। वज्रपात होने से घर की छत में रहे दर्जनों करकट टूटकर जमीन पर गिर गए, इससे मकान छत्तविहीन हो गया है। वज्रपात के कारण जमीन में गड्ढे भी हो गए हैं। पीड़ित ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि वज्रपात में हुई मकान क्षतिग्रस्त को लेकर आपदा प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार के मुआवजे का प्रावधान नहीं है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से बारिश और मेघगर्जन के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है।

# हाथियों ने सोखोदेवरा जेपी निवास एवं आश्रम की बाउंड्री समेत कई अन्य स्थानों पर पहुंचाई क्षति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल में सोमवार की रात्रि हाथियों का झुंड ने सोखोदेवरा के इलाकों में भी जमकर उत्पात मचाया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के झुंड ने सोखोदेवरा के बेंगवाटांड़ टोला में कई घरों व मकानों को नष्ट कर दिया। वहीं केला सहित कई पौधों की खेती को नष्ट कर दिया। पनसगवा जंगल स्थित वन विभाग द्वारा लगाए गए नर्सरी को भी नष्ट कर दिये जाने की खबर है। वहीं प्रखण्ड के धरोहर जेपी आश्रम के दीवार,जेपी निवास सहित कई स्थानों पर आतंक मचाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों के अचानक हमले में कई आश्रम के कर्मी भी जान बचाकर भागे। आश्रम परिसर स्थित मोटर पम्प सहित कई अन्य सामाग्री को नष्ट कर दिया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने बताया कि पूर्व में भी हाथियों के झुंड ने सोखोदेवरा आश्रम की चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया था। लेकिन सोमवार की रात्रि हाथी ने जेपी निवास को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

# कराटे प्रतियोगिता में नालंदा के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पटना में 9 व 10 मई को आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे प्रतियोगिता में नालंदा जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अपने नाम किए और जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 650 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें नालंदा की एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स जोन के 20 खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई। नालंदा के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 4 रजत एवं 9 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुस्कान कुमारी ने जूनियर वर्ग में एकल काता एवं -48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं आरुष राज, मुदित शौर्य, मयंक कुमार गुप्ता एवं दीपक राज ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर टीम को मजबूती प्रदान की। रजत पदक जीतने वालों में दिव्यांशु राज, कुमारी तृप्ति, सृष्टि कुमारी एवं



अपूर्वा रानी शामिल रहीं। कांस्य पदक विजेताओं में अंकित कुमार, आरुष राज, दिव्यांश बसु, शुभम राज, वैभव आनंद, हंसिका रानी एवं हनी सिंह ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। एकेडमी के संस्थापक एवं मुख्य प्रशिक्षक सह अंतरराष्ट्रीय रेफरी रेन्सी राकेश राज ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 3 से 7 जून 2026 तक देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतियोगिता में ऋषिकेश कुमार एवं निशांत कुमार ने नालंदा टीम के कोच के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष डॉ. रविचंद्र कुमार, एकेडमी के निदेशक संजय कुशवाहा, न्यूरोसर्जन डॉ. राजीव कुमार रंजन, ऑर्थो सर्जन डॉ. निर्जल नाथ, वरीय खिलाड़ी संध्या रानी, अंकिता राज सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** आगामी 17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला 2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसी क्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार तथा कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर पहुंचकर मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मलमास मेला में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजगीर पहुंचते हैं और प्रशासन द्वारा उनके लिए व्यापक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सूचना केंद्र बनाए गए हैं, जहां खोए हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। वहीं खान-पान के लिए कैंटीन, 'दीदी की रसोई' और सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने पहली बार



श्रद्धालुओं की सहायता के लिए एआई काउंटर, मोबाइल ऐप और वेबसाइट की सुविधा भी शुरू की है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रेलवे स्टेशन, मेला थाना, धुनीवर, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्मकुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल, गढ़ महादेव, वैतरणी और पीएचइडी कैंपस समेत विभिन्न स्थानों पर वॉटरप्रूफ यात्री शेड और टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वैतरणी घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं तथा घाट की साफ-सफाई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण का कार्य समय पर पूरा किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शाही स्नान के दौरान भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है और श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। मलमास मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 19 टेंट सिटी एवं जर्मन हैंगर में आवासन, शौचालय, पेयजल, स्नानागार, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, सुरक्षा और निःशुल्क जूता-चप्पल स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## युवक का शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित डीटीओ ऑफिस के पीछे सोमवार देर रात एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सोहसराय के मंसूरनगर निवासी चंदू मिस्त्री के 20 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह वर्तमान में अपने ननिहाल देवीसराय में रहकर कारपेंटर का काम करता था। मृतक के भाई राजा कुमार ने आरोप लगाया कि राजीव की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उनका कहना है कि शव के कान से खून बह रहा था और शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों के अनुसार राजीव कुछ दोस्तों के साथ घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं के रैपर बरामद किए गए हैं।

# गिरवीं के नाम पर धोखे से रजिस्ट्री करवा भू माफिया ने जबरन जमाया मकान पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस के नाक के नीचे भू माफिया द्वारा धोखे से जबरन मकान की रजिस्ट्री करवा उसपर जबरन कब्जा कर लिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। गुंडों के सहयोग से भू माफिया ने घर की महिला सहित अन्य सदस्यों पर जानलेवा हमला भी किया गया। मामला नवादा जिलांतर्गत हिसुआ प्रखंड मुख्यालय स्थित बैठकी गली का है।

बताया जाता है कि हिसुआ स्थित बैठकी गली निवासी मनोज कुमार जैन को पुत्री की शादी के लिए पैसे की जरूरत थी। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि इस बाबत उन्होंने अपने मकान की गिरवीं के नाम पर हिसुआ स्थित बीच बाजार काली स्थान निवासी पंकज कुमार से सात लाख रुपये का कर्ज लिया था। लेकिन पंकज कुमार से मकान की गिरवीं के नाम पर धोखे से रजिस्ट्री के कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिये और बुरे अंजाम की धमकी देकर उनसे मकान की



रजिस्ट्री भी करवा लिये, जबकि इस मकान व जमीन के बंटवारे को लेकर मनोज कुमार जैन का उनके हिस्सेदारों के साथ पूर्व से विवाद चल रहा था। रजिस्ट्री के बाद पंकज कुमार के कब्जे से मुक्त होते ही जब उन्होंने इस बात से अपने स्वजनों को अवगत कराया, तो उनकी शिकायत पर धमकी-धोखे से हुई रजिस्ट्री के बाद उसके मोटेशन पर संबंधित विभाग ने रोक लगा दी। बताया जाता है कि रजिस्ट्री हुए मकान में मनोज कुमार जैन भाइयों का भी हिस्सा है, जिसे लेकर उनका आपस मे विवाद चला आ रहा है।

धोखाधड़ी के शिकार हुए मनोज कुमार जैन के साथ ही उनकी पत्नी रितिका जैन एवं पुत्र संभव जैन ने बताया कि वे सभी अपने रिश्तेदार के यहां गये हुए थे। जब वे विगत 3 मई को वापस लौटे, तो उन्होंने अपने घर में कोई अन्य ताला लटका पाया। जानकारी मिली कि उनकी अनुपस्थिति में पंकज कुमार एवं उनके सहयोगी उनके घर का ताला तोड़ जबरन अपना ताला जड़ दिया है। तब वे सभी 5 मई को पीछे के रास्ते घर में घुसे। जानकारी मिलने पर पंकज कुमार हरवे-हथियार एवं दर्जनों गुंडों के साथ घर पर पहुंच न केवल पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, बल्कि बुरे नियत से महिला के कपड़े भी फाड़ डाले। बाद में उनलोगों ने घर के सभी लोगों को धक्का-मुक्की व मार-पीट कर घर से बाहर खदेड़ दिया और वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बाबत हिसुआ थाना को सूचित किए जाने पर पुलिस ने कोई भी कदम नहीं उठाया। पीड़ित परिवार ने बताया कि पंकज कुमार भू माफिया है, जिसके कारनामों पर पर्दा डालने के लिए स्थानीय पुलिस ने उससे मोटी रकम ले रखी है। उन्होंने नवादा एसपी एवं डीएम से भी मिलकर भी न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन भू माफिया पंकज कुमार एवं उनके भाड़े के गुंडों के विरुद्ध अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित परिवार अपने सिर पर छत की आशा में नवादा मुख्यालय में इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन संवेदनहीन पुलिस-प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है।

भू माफिया पंकज कुमार के आतंक से आतंकित न्याय की आशा में नवादा में इधर-उधर भटक रहे पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर भू माफिया एवं उनके भाड़े के गुंडों पर सख्त कार्रवाई करते हुए गुंडों के चंगुल से उनके घर को मुक्त करवा उन्हें सुपुर्द नहीं करवाया गया, तो वे पूरे परिवार के साथ नवादा समाहरणालय के समक्ष आत्मदाह कर लेंगे।

## एक नजर

### हजारों की बिचाली जलकर राख

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव स्थित पांडेय आहर के पास मंगलवार को अचानक आग लग जाने से खलिहान में रखे हजारों रुपये मूल्य का बिचाली जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान सोखोदेवरा गांव निवासी विनय सिंह एवं इंद्रजीत सिंह के खलिहान में आग लग जाने से बिचाली जलकर राख हो गया। अग्निशमन की टीम के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

### भाकपा माले का 12वां राज्य सम्मेलन 16 से दरभंगा में

**कौआकोल।** भाकपा माले का 12वां राज्य सम्मेलन आगामी 16, 17 एवं 18 मई को दरभंगा में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कौआकोल प्रखंड से भी दर्जनों कार्यकर्ता एवं नेता भाग लेंगे। इसकी जानकारी पार्टी नेता मंटू कुमार एवं दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से दी। नेताओं ने बताया कि राज्य सम्मेलन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों-मजदूरों की समस्याएं, शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। नेताओं ने बताया कि कौआकोल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दरभंगा पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने में भागीदारी निभाएंगे।

### सड़क दुर्घटना में युवती गंभीर रूप से घायल

**नवादा।** नवादा-गया मुख्य मार्ग पर मंगलवार को हिसुआ थाना क्षेत्र के नंदलाल बिगहा स्थित ज्ञान भारती स्कूल के समीप एक सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के बढ़ौना निवासी सतीश सिंह की पुत्री सारिका कुमारी बस से उतरकर अपने भाई को स्कूल से घर लाने के लिए ज्ञान भारती स्कूल की ओर पैदल जा रही थी। उसी दौरान नवादा-गया रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार होने में सफल रहा।

# टूटी सड़कों की जल्द होगी मरम्मत : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र मंगलवार को बिहारशरीफ स्थित जिला अतिथि गृह पहुंचे, जहां भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार समेत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक बैठक आयोजित कर जिले के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का समग्र विकास केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, निरंतर संवाद और जनसेवा के प्रति समर्पण से संभव होता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की हर जरूरत पहुंचाने के लिए सभी को टीम भावना और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, जनता का विश्वास और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने की



सबसे बड़ी ताकत है। सड़कों की स्थिति पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया है और गांव-गांव तक सड़क संपर्क पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मंत्री पद संभालने के बाद अब वे विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं और जल्द ही अधूरी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य तेज किया जाएगा ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता और कार्यों में तेजी उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, नीरज कुमार डब्ल्यू, साबो देवी, जिला मंत्री अमरेश कुमार, मीडिया प्रभारी धीरेंद्र रंजन, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, अमित गौरव, विकास कुमार, मणिकांत पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीहनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में मंगलवार को श्री हनुमान जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। कार्यक्रम के प्रथम दिन जोरावरडीह गांव से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 1000 से अधिक महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भाग लिया। यहां पंडित कुन्दन पराशर के देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत जलभराई की गई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः कलश लेकर मंडप परिसर पहुंचे,जहां पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना की गई तथा धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार बुधवार को विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा, हवन तथा विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## निमाटांड विद्यालय में प्रतिभा सम्मान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली (नवादा)।** जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत रजौली पूर्वी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर एक बहुआयामी प्रतियोगिता और स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के लगभग 100 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता का मुख्य केंद्र बच्चों का परिधान, केश सज्जा, विद्यालय के प्रति उनकी सहभागिता, अधिकतम उपस्थिति और हस्तकला कौशल रहा। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस स्पर्धा में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग से अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जबकि सत्यम कुमार द्वितीय, मनीष कुमार तृतीय और अंकुश कुमार चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में निहारिका कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दीपिका कुमारी को दूसरा, सपना कुमारी को तीसरा और तन्नू कुमारी को चौथा स्थान मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद, अनोज कुमार और मंजू कुमारी ने विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

# राजगीर मलमास मेला में पहली बार एआई और ड्रोन से होगी निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर में आगामी 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक चलने वाले ऐतिहासिक राजगीर मलमास मेले को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार मेले में हाईटेक व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 3000 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके तहत 20 डीएसपी स्तर के पदाधिकारी, 30 इंस्पेक्टर, बड़ी संख्या में सब-इंस्पेक्टर और जवानों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें भी मुस्तैद रहेंगी। प्रशासन ने मेले के सफल संचालन के लिए अधिकारियों के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा कर दिया है। जितेंद्र राम को मेला थाना प्रभारी तथा सुमंत कुमार को कुंड थाना प्रभारी बनाया गया है। इस बार मेले में तकनीक का विशेष इस्तेमाल किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पहली बार एआई काउंटर, विशेष मोबाइल ऐप और वेबसाइट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजगीर के 38 स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र (पीओपी) बनाए जा रहे हैं। वहीं वाहनों के सुचारु परिचालन के लिए आठ अलग-अलग रूटों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए रेलवे स्टेशन से लेकर कुंड क्षेत्र तक 19 स्थानों पर जर्मन हैंगर तकनीक से निर्मित वॉटरप्रूफ टेंट सिटी बनाई गई हैं। इन टेंट सिटियों में रहने, स्नान करने और महिलाओं के लिए अलग चेंजिंग रूम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं को मुफ्त जूता-चप्पल स्टैंड, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। खान-पान की व्यवस्था के लिए 'दीदी की रसोई' और सस्ती रोटी काउंटर खोले जाएंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कैंप और एंबुलेंस भी तैनात रहेंगी। प्रशासन ने ई-रिक्शा और बसों का किराया भी निर्धारित कर दिया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# गयाजी में शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा, डॉ. प्रेम कुमार ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों के साथ पेयजल, स्वच्छता और शहरी विकास योजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास योजनाओं को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए ताकि आम लोगों को जल्द लाभ मिल सके। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा उठाव किया जा रहा है। इसे और प्रभावी बनाने तथा सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। पेयजल आपूर्ति पर चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि पूर्व योजना के तहत अब तक 71 हजार घरों को जलापूर्ति से जोड़ा जा चुका है जबकि लगभग 35 हजार घरों तक पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इन घरों को जल्द कनेक्शन दिया जाएगा। गंगाजल परियोजना के तहत शेष घरों को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। वार्ड संख्या 1 में छोटे जलमीनार से जलापूर्ति तथा वार्ड 6, 8, 9 और 10 में टैंकर के बजाय पाइपलाइन से जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही गई। बैठक में वृक्षारोपण अभियान तेज करने, चापाकल और पियाऊ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को अंतिम किस्त दिलाने के लिए राज्य सरकार को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। दीघी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को मानसून के बाद शुरू कराने तथा सड़क और नाली निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं वेंडिंग जोन और पार्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने हेल्पलाइन नंबर 8409461482 जारी करते हुए कहा कि नागरिक स्वच्छता और पेयजल संबंधी शिकायत इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं।

## छात्रा से मोबाइल छीन भागे अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना की पुलिस ने छात्रा से मोबाइल छीन कर भागे अपराधियों को दबोचने में सफलता पाई है। जानकारी के अनुसार विगत जनवरी माह में सीयूएसबी के समीप अंधेरे का फायदा उठाते हुए उचक्के छात्रा से मोबाइल छीन फरार हो गया था। घटना को लेकर पंचानपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी थी। सोमवार की रात्रि पुलिस को छीना गया मोबाइल एक्टिव मिला जिसके आधार पर पुलिस ने दरियापुर ग्राम से दो विधि विरुद्ध व एक अपराधी को दबोचा। तीनों के समीप से छीना गया मोबाइल सेट व एक अन्य सेट बरामद हुआ। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि पूछताछ में तीनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दरियापुर ग्राम निवासी रामसेवक यादव के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई। वहीं दो विधि विरुद्ध आरोपी को निरुद्ध किया गया। सभी को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

## मगध क्षेत्र के नए आईजी बने विकास वैभव, गया पहुंच पदभार ग्रहण किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध क्षेत्र के नवपदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव ने मंगलवार को गया पहुंचकर औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन के साथ ही मगध क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था में नए नेतृत्व की शुरुआत मानी जा रही है। पदभार संभालने के बाद आईजी विकास वैभव ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की समीक्षा तथा पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं अपराध पर सख्ती से नियंत्रण रखने के निर्देश दिए। आईजी के रूप में विकास वैभव की नियुक्ति को मगध क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासनिक क्षमता, अनुशासनप्रिय कार्यशैली एवं जनसरोकारों से जुड़ी उनकी पहचान पहले से ही रही है। उनके नेतृत्व में गया समेत पूरे मगध क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। गया पहुंचने पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कई प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में आईजी विकास वैभव मगध क्षेत्र के विभिन्न जिलों का दौरा कर अपराध नियंत्रण, पुलिस व्यवस्था एवं जनसुरक्षा से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे। साथ ही पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

## गया शहर में भीषण जाम से जनता त्रस्त, एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी फंसीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिले के प्रमुख युवा समाजसेवी एवं विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के मुख्य ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी ने मंगलवार को मानपुर सिक्स लेन ब्रिज और बागेश्वरी गुमटी पर लगे भीषण जाम पर गहरी चिंता व्यक्त की। पूर्व भाजपा युवा नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय बादल सिन्हा के पुत्र आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि पूरा गया शहर आज जाम की समस्या से कराह रहा है और स्थिति 'त्रस्त' हो चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कई वर्षों से जिले का यही हाल है जिससे आम जनता पूरी तरह बेहाल हो चुकी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अव्यवस्था के कारण न केवल आम राहगीर, बल्कि एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं और बच्चों की स्कूल बसें भी प्रतिदिन घंटों जाम में फंसी रहती है जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि गया जी जैसे ऐतिहासिक जिले में बुनियादी यातायात प्रबंधन का अभाव दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन-प्रशासन से इस समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की ताकि नागरिकों को इस दैनिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके और शहर की व्यवस्था में सुधार हो।

## आम तोड़ने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कोराप पंचायत अंतर्गत परिहास गांव में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने मंगलवार को बताया कि प्रथम पक्ष की ओर से भीखनपुर गांव निवासी मंटू कुमार, पिता शिवपूजन शर्मा ने परिहास गांव निवासी प्रिंस कुमार, पिता रंजन पासवान एवं शनि कुमार, पिता शिव पासवान के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में कांड संख्या 122/26 दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से परिहास गांव निवासी रंजन पासवान, पिता स्वर्गीय रामेश्वर पासवान ने अपने फर्द बयान में छोटू कुमार, सुधीर शर्मा, मंटू शर्मा, अंकित कुमार, अरविंद शर्मा, बिट्टू कुमार एवं टुन्नु कुमार समेत अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है।

## आवासीय विद्यालय की समस्याओं की समीक्षा, डॉ. प्रेम कुमार ने दिए समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** गया जिला अंतर्गत कंडी, नवादा स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या +2 आवासीय विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को लेकर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि छात्राओं के बेहतर भविष्य और विद्यालय के समग्र विकास के लिए आवश्यक सभी कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय की नोडल सह प्रबंधक पदाधिकारी सौम्या शाह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और छात्राओं ने डॉ. प्रेम कुमार का बुके और मोमेंटो देकर स्वागत किया। सदर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने जानकारी दी कि वर्ष 1919 में स्थापित इस आवासीय विद्यालय में वर्तमान में 26 शिक्षक कार्यरत हैं और 520 छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होती है तथा छात्राओं के लिए आवास, भोजन और शिक्षा की व्यवस्था बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में खेल मैदान की कमी, परिसर में वृक्षारोपण, सौर ऊर्जा प्लेट लगाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। वर्तमान में विद्यालय का संचालन प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से किया जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर के वार्ड संख्या 5 स्थित इस विद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया। बैठक के बाद उन्होंने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं और कार्यालय का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी अंकुर कुमार, विवेक कुमार, प्रतीक आनंद, राजनंदन प्रसाद गांधी, शंभू यादव, डब्लू राय, शिवनारायण चंद्रवंशी, लक्ष्मण पांडे, राकेश कुमार, गौतम कुमार, बबलू बाबा सहित अन्य शिक्षक, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## बायोटेक्नोलॉजी में हैं अपार संभावनाएं : प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन

### मिर्जा गालिब कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के मिर्जा गालिब कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी विषय एवं उससे जुड़े रोजगार और शोध के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। करियर काउंसलिंग की जिम्मेदारी डॉ. मोहम्मद सरफराज आलम एवं डॉ. मोहम्मद मिनहाज आलम ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, शोध कार्यों तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में बायोटेक्नोलॉजी विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. इरफाना नाहिद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके प्रयासों से कॉलेज का बायोटेक्नोलॉजी विभाग लगातार प्रगति करते हुए अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बायोटेक्नोलॉजी आज रोजगार और शोध के क्षेत्र में तेजी से उभरता हुआ विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही विषय का चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में शासी निकाय के अध्यक्ष शबी आरफीन शमसी एवं सचिव डॉ. हफीजुर रहमान खान ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इरफाना नाहिद ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नव दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** नगर पंचायत खिजरसराय स्थित पुरानी पोस्ट ऑफिस के समीप महादेव स्थान में आयोजित श्री श्री 1008 श्री भगवत शिव परिवार सह नव दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे, ऊंट-घोड़े, वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ खिजरसराय बाजार होते हुए केनी फल्गु नदी पहुंचकर पवित्र जल भर पूजा-अर्चना की। पूरे आयोजन के दौरान वार्ड नं. 5 पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी विवेक कुमार लगातार श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्थाओं की निगरानी में सक्रिय दिखाई दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई एवं जल छिड़काव जैसी व्यवस्थाओं को लेकर शीला देवी द्वारा पूर्व में ही नगर प्रशासन से विशेष मांग की गई थी जिस पर नगर पंचायत प्रशासन ने तत्परता से कार्य किया। भगवा एवं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव' और 'जय माता दी' के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण किया। फल्गु नदी से जल लेकर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचे जहां विधि-विधान के साथ मंडप प्रवेश एवं यज्ञ कार्य प्रारंभ हुआ।

## पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद अधेड़ ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के आमाकुआं ग्राम में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद अधेड़ ने पत्नी को वीडियो कॉल कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान ग्रामीण रामजी मिस्त्री के 45 वर्षीय पुत्र राकेश मिस्त्री के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार राकेश ने फांसी लगाने से पहले अपनी पत्नी को वीडियो कॉल किया और लाइव कॉल के दौरान ही मौत को गले लगा लिया। बदहवास पत्नी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक व्यक्ति की जान जा चुकी थी। स्वजनों ने बताया कि राकेश मिस्त्री दूसरे राज्य में मजदूरी करता था। विगत कुछ दिनों पूर्व ही राकेश ने अपनी बड़ी पुत्री का विवाह किया था। विवाह उपरांत पति-पत्नी के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद राकेश का ससुराल वाले से भी विवाद हुआ था। विवाद के बाद राकेश पत्नी को ससुराल छोड़ वापस लौट आया था व खौफनाक घटना को अंजाम दे अपनी जीवन समाप्त कर ली। राकेश चार पुत्री व दो पुत्र का पिता था। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया।

**डायल 112 की सक्रियता, लेकिन देरी**

अपने पति राकेश को फंदे से झूलता देख पत्नी ने तुरंत डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खोल अंदर प्रवेश किया व शव को फंदे से नीचे उतारा। हालांकि तब तक राकेश की मृत्यु हो चुकी थी। डायल 112 की टीम ने टिकारी थाना को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया व शव स्वजनों को सौंप दिया।

## गयाजी में एक जून से होगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, गयाजी ने अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन की तिथियों की घोषणा कर दी है। दक्षिण बिहार के 11 जिलों से कुल 38,040 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती प्रक्रिया में पंजीकरण कराया है। परीक्षा 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। भर्ती कार्यालय के अनुसार अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक संचालित की गई थी। इसमें कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, गया, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और जमुई जिले के युवाओं ने आवेदन किया।

कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन के एडमिट कार्ड जल्द ही भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा तिथि, केंद्र और अन्य आवश्यक सूचनाओं के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें। परीक्षा के संबंध में भर्ती कार्यालय ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की प्रिंटेड प्रति और एक वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 08.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-18-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टाला, पार्क सर्कस, लेक गार्डन्स और माझेरहाट (कुल = 07 अदद) में प्लेटफॉर्म की ऊँचाई बढ़ाने के साथ सीमेंट कंक्रीटिंग और सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,88,78,187.15, **बयाना राशि:** रु.5,77,600/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-19-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सियालदह मंडल में माझेरहाट, पार्क सर्कस, संतोषपुर, टाला आदि में प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 3,30,21,853.41, **बयाना राशि :** रु.6,60,400/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन-22-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/बेलियाघाटा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्यों के साथ सभी सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 93,03,821.74, **बयाना राशि:** रु.1,86,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 05.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-36/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**(2026–2027) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**
**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**सं0–DWSD/RM/02/2026-27 (2nd Call)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :– 15.05.2026 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 20.05.2026 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 20.05.2026 को 04:00 बजे अपराहन् में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नावा बाजार | 65 | 63231.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 2 | मोहम्मदगंज | 75 | 72959.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
मेदिनीनगर।

PR 379629 Drinking Water and Sanitation(26-27)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar**
**Very Short Notice Inviting e-quotation Notice No-01/2026-27**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing / revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e- tender are invited for rate of items / materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners / Crusher owners / Reputed Manufacturer / authorized dealers / Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction / infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from **14-05-2026** at 10:30 hrs. to **19-05-2026** at 16:00 hrs. The quotation will be opened on **20-05-2026** at **17:00** Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Address for Communication :-

(Jeson Horo)
Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 379558 District(26-27)D



**जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, पलामू।**
(जिला जनगणना कोषांग)
**आम सूचना**

सभी केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत की जनगणना, 2027 से संबंधित मकानसूचीकरण का कार्य दिनांक–16.05.2026 से 14.06.2026 के मध्य किया जाएगा। दिनांक–01.05.2026 से स्वगणना प्रारंभ किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक–15.05.2026 निर्धारित है। स्व–गणना के विकल्प के तहत आप स्वयं अपनी जानकारी **se.census.gov.in** में ऑनलाईन कर सकते हैं।

**स्व–गणना (Self Enumeration)**
सरल और सुरक्षित डिजिटल सुविधा

**कैसे करें स्व–गणना?**

1. आधिकारिक पोर्टल (se.census.gov.in) पर जाएँ
2. अपने मोबाईल नंबर से OTP द्वारा Login करें
3. अपना राज्य, जिला और स्थानीय विवरण चुनें
4. डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिह्नित करें
5. मकान एवं परिवार से संबंधित जानकारी भरें
6. सबमिशन के बाद SE ID मिलेगी।
7. SE ID सुरक्षित रखें
8. प्रगणक (Enumerator) आने पर SE ID दें।
9. प्रगणक जानकारी की पुष्टि करेंगे

**इसके लाभ**
समय की बचत
सटीक जानकारी
तेज़ डेटा प्रोसेसिंग

**याद रखें स्व–गणना एक विशेष सुविधा है**
यदि आप स्व–गणना नहीं कर पाते हैं, तो चिंता न करें, निर्धारित अवधि में प्रगणक आपके घर आकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।
आपकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी।

**स्व–गणना हेतु अंतिम तिथि–15.05.2026**
**चलों निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी**
**हमारी गणना, देश की प्रगति।**

जिला सांख्यिकी पदा0–सह–अपर जिला जनगणना पदा0, पलामू। | अपर समाहर्त्ता–सह–जिला जनगणना पदाधिकारी, पलामू। | उपायुक्त–सह–प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी, पलामू।

PR 379537 Palamu (26-27)D

संपादकीय

# सीएम विजय : कांटों का ताज

तमिलनाडु में धूमकेतु की तरह उभरी नवोदित तमिलगा वेत्री कषघम (टीवीके) पार्टी के मुखिया जोसेफ विजय चंद्रशेखर ने मुख्यखमंत्री पद की शपथ लेकर सरकार तो बना ली है, लेकिन यह उनके लिए कांटो के ताज से कम नहीं है। चुनाव नतीजों के बाद जारी अटकलों के दौर के बीच रविवार को मुख्यमंत्री विजय और उनके नौ सहयोगियों ने जैसे ही पद और गोपनीयता की शपथ ली, वैसे ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शपथ लेते ही विजय ने मंच पर ही तीन अहम फैसलों का ऐलान किया। ये हैं हर घर को 200 यूनिट फ्री बिजली, नशे की समस्या से निपटने के लिए हर ज़िले में विशेष बल का गठन और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक स्पेशल टास्क फ़ोर्स बनाना शामिल है। गौरतलब है कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके 234 में से 107 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से 11 दूर रह गई। टीवीके को सबसे पहले कांग्रेस ने अपने 5 विधायको के समर्थन की पेशकश की। लेकिन बाकी दल सौदेबाजी करते रहे। अंततः 4 वामपंथी, 2 वीसीके और 2 इंडियन मुस्लिम लीग के विधायकों ने समर्थन पत्र दिया, जिस के बाद राज्यपाल ने विजय को सीएम पद की शपथ दिलाई। हालांकि विजय की अनुभवहीनता और अति उत्साह शपथ ग्रहण के दौरान भी दिखा, जब राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाना शुरू करते ही वो शपथ पढ़ने की जगह भाषण देने लगे। इस पर राज्यपाल को उन्हें टोकना पड़ा। विजय ने शपथ तो ले ली है, लेकिन उनकी असली अग्नि परीक्षा अब शुरू हुई है। सबसे पहले तो उन्हें 13 मई को सदन में अपना बहुमत सिद्ध करना है। इसको लेकर शंका का कारण है कि भले ही पांच दलों ने उन्हें समर्थन की चिट्ठी सौंप दी है, लेकिन इनमें से कोई भी सरकार में शामिल नहीं है। कम्युनिस्ट पार्टियों ने तो साफ कह दिया है कि वो भाजपा को रोकने के लिए विजय को समर्थन दे रही हैं। वो सरकार में शामिल नहीं होंगी। अलबत्ता कांग्रेस सरकार में शामिल होने के लिए जरूर उत्सुक है। यही कारण है कि राहुल गांधी खुद शपथ ग्रहण में शामिल हुए। नए सीएम विजय के सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं। एक तो उन्हें लगातार समर्थन देने वाले दलों के दबाव में काम करना होगा, दूसरे उन्होंने जो लोगों से बड़े बड़े वादे कर रखे हैं, उसे पूरा करना और पूरा करने के लिए पर्याप्त धन का इंतजाम करना होगा। माना जा रहा है कि विजय के इन वादों को पूरा करने के लिए राज्य को 1 लाख करोड़ रू. की जरूरत होगी, जो अकेले तमिलनाडु सरकार के बस की नहीं है। समर्थक दल विजय को केन्द्र सरकार के आगे झुकने नहीं देंगे और केन्द्र सरकार कांग्रेस समर्थिक सरकार को काम करने नहीं देगी। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यिमंत्री बनने पर विजय को बधाई दी है, लेकिन इसमें यही संदेश छिपा है कि वो कांग्रेस के बहुत करीब नहीं जाएं। दूसरी तरफ पीएम ने विजय की शपथ ग्रहण के तुरंत बाद एक कार्यक्रम में कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस एक धोखेबाज पार्टी है। तमिलनाडु में सत्ता जाते ही उसने डीएमके को धोखा दिया। इस आरोप पर डीएमके की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। लेकिन यह तय है कि विजय सरकार को एक तरफ डीएमके तो दूसरी तरफ एआईएडीएमके से लगातार चुनौती मिलती रहेगी। दरअसल भाजपा चाहती थी कि विजय एनडीए सदस्य एआईएडीएमके के साथ मिलकर सरकार बनाए। इससे परोक्ष रूप से भाजपा का विजय सरकार पर नियंत्रण रहता और कांग्रेस भी सत्ता से बाहर रहती। लेकिन विजय के कांग्रेस के साथ जाने से सारा गणित गड़बड़ा गया है।

# पड़ौसी देशों में राजनीतिक हलचल?

**भारत के दो पड़ोसी देशों के चुनाव हाल ही में संपन्न हुए। दोनों जगह अलग-अलग ढंग से जेन जी याने वह युवा पीढ़ी जो 1997 या उसके बाद की है, के द्वारा सरकारों के विरुद्ध विद्रोह हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप वहां की सरकारें भंग हुई तथा वहाँ नये चुनाव हुए। वैसे तो कुछ दिनों पूर्व श्रीलंका के भी चुनाव ऐसे ही जेन जी के आंदोलन के बाद हुए थे जिसमें काफी हिंसा और लूटपाट हुई थी और वहाँ की लंबे समय से निर्वाचित सरकार को हटना पड़ा और सेना ने नियंत्रण किया था। वहाँ एक नौजवान चुनकर आये व राष्ट्रपति बने तथा ऐसा कहा जाता है कि वे मार्क्सवादी है और चीन समर्थक है। हालांकि अभी तक उन्होंने चीनी विदेश नीति के लक्ष्यों को कम से कम जाहरातौर पर अमल में नहीं लाया है और न ही उसके वे खिलाफ्मी है। याने विचारधारा चाहे जो भी हो परंतु वे अपने देश के हितों के अनुकूल शांत तरीके से निर्णय लेकर आगे बढ़ रहे हैं। श्रीलंका और भारत के बीच में उन्होंने चीनी लाइन को बाधा नहीं बनने दिया। यह उनकी समझदारी और विदेश नीति का संतुलन ही कहा जाना चाहिए।**

**रघु ठाकुर**



बंगलादेश में जो इस्लामिक युवा विद्रोह हुआ था। उस समय एक चिंता भारत व अन्य देशों में उत्पन्न हुई थी कि उसके बाद बंगलादेश कहीं फिर से सैनिक तानाशाही में तो नहीं फँस जायेगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती हसीना को सेना के संकेत पर देश छोड़कर भागना पड़ा और उन्होंने भारत में शरण ली। श्री युनूस को विदेश से वापिस बुलाकर उनको देश का कार्यभार सौंपा गया, जिसे सेना ने भी स्वीकार किया था। यह आश्चर्यजनक भी था कि युनूस को अमेरिका समर्थक माना जाता है। उन्हें एक प्रकार सेना ने स्वीकार किया, बंगलादेश के लोगों ने स्वीकार किया, उससे इतना संकेत तो मिलता ही है कि बंगलादेश की उथल पुथल की डोर कहीं न कहीं अमेरिका के पास रही है। वहाँ, इस्लामिक छात्रों ने तत्कालीन शेख हसीना की सरकार व उनकी पार्टी के खिलाफ हिंसक विद्रोह शुरू किया था। प्रधानमंत्री से लेकर अनेकों मंत्रियों को भागना पड़ा था और सेना ने भी एक प्रकार से विद्रोही इस्लामिक कटटरपंथियों का साथ दिया था। उस समय तीन प्रकार की संभावनायें सामने आई थीं एक, श्री युनूस अंतरिम कार्यकारी मुखिया थे ही उनको बंगलादेश का आगामी मुखिया बनाया जा सकता था। दूसरा, जिन कटटरपंथी युवाओं ने वहां विद्रोह शुरू किया था, तब मुझे लगता है कि यह विदेशी शक्तियों द्वारा प्रायोजित था। चुनावों के बाद उनकी सत्ता आयेगी, तीसरा अनुमान था कि सेना ही सत्ता अपने हाथ में ले लेगी। इन सब घटनाक्रम के पीछे चीन और अमेरिकन शक्तियों का अनुमार्तित संघर्ष लगता था। शेख हसीना चीन के दौरे से लौटकर आई थीं और सत्ता पलट का खेल शुरू हो गया था। याने चीन के साथ उनका जो अंतर संबंध था वह दुनिया के चीन विरोधी समूह को स्वीकार नहीं था। बंगलादेश में भी आश्चर्यजनक रूप से उसी प्रकार सेना ने भूमिका अदा की जिस प्रकार श्रीलंका में मिस्र में या एक जमाने में रूस में की थी। एक अर्थ में स्थिति साफ है कि बंगलादेश की सेना कहीं न कहीं भले ही अपने आर्थिक या अन्य हितों के चलते वैश्विक शक्तियों के इशारे पर काम कर रही थी।

जिस घटनाक्रम को लेकर बंगलादेश में छात्रों का आंदोलन शुरू हुआ था, जो बाद में सारे बंगलादेश में फैला। बाद में यह कटटरपंथी इस्लामिक छात्रों व युवा नेतृत्व के पास चला गया था। इस आंदोलन की शुरूआत एक मामूली घटना से हुई थी। शेख हसीना की सरकार ने बंगलादेश की मुक्ति वाहनी (जो उनके स्वरू पिता व बंगलादेश के जनक शेख मुजीब के द्वारा बनाई गई थी) के उन परिवारजनों को जो बंगलादेश के निर्माण आंदोलन में जेलों में गये थे, यातनायें सही थी, पाकिस्तानी जुल्म सहे थे, को विभिन्न शासकीय पदों व नीतियों में आरक्षण में वृद्धि दी, जिसके खिलाफ आंदोलन शुरू हुआ था। यह बात भी सही है कि बंगलादेश के निर्माण व इस आंदोलन को आज लगभग 55 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और इस आंदोलन के हिस्सेदार लोग अब बहुत कम ही बचे है परंतु उनके परिजनों को मिल रही आरक्षण और वृद्धि के प्रस्ताव का विरोध इन नौजवानों द्वारा किया था। इसको लेकर पहले मुक्ति वाहिनी के समर्थक छात्रों और आरक्षण के विरोधी छात्रों के मध्य टकराव शुरू हुआ जो बढ़कर बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का कारण बना। कभी-कभी ऐसी कुछ घटनायें आश्चर्यजनक ढंग से होती हैं जहां पर छोटे से सवालों से शुरू हुए आंदोलन, कुछ ही दिनों में विशालकाय आंदोलन का रूप ले लेते है। 1974 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन छात्रावास में मेस की थाली के दाम बढ़ाने से शुरू हुआ था जो बाद में गुजरात सरकार को भंग करने का कारण बना। फिर बिहार व देश के अनकों इलाकों में यह आंदोलन फैला, देश में आपातकाल लगा और देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को सत्ता से हटना पड़ा।

श्री युनूस के कार्यकाल के दौरान कट्टरपंथी युवकों के द्वारा काफी हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया, विशेषतौर से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को हिंसा का शिकार बनाया गया, इस्कान के मुखिया को मारा गया, कई को गिरफ्तार किया गया और ऐसा लग रहा था कि बंगलादेश चुनाव में जनमत कट्टरपंथियों के साथ जायेगा। अब चुनाव के बाद बंगलादेश में बीएनपी बहुमत से सरकार में आई है और तारिक रहमान जो जिया उर्र रहमान के बेटे हैं, जिनकी माँ भी प्रधानमंत्री रही हैं, अब देश के प्रधानमंत्री बने हैं। उनकी सरकार के एक मंत्री जो हिंदू समुदाय से हैं, (श्री चौधरी) ने सार्वजनिक रूप से बयान दिया है कि अल्पसंख्यकों को वैसे ही अधिकार होंगे जैसे बहुसंख्यकों को है। इस बयान के बाद अल्पसंख्यक समुदाय में उठ रही शंकाओं का कुछ हद तक हल हुआ, और कुछ वातावरण भी बदला है। श्री तारीक रहमान भी लगभग 18 वर्ष के निर्वासन के बाद विदेश से लौटे हैं। वह सुशिक्षित व्यक्ति हैं, अगर वे राजनीति को प्रतिहिंसा का माध्यम नहीं बनायेंगे तो यह उनकी बड़ी सफलता होगी। हालांकि अभी हिंसा, प्रतिहिंसा के बादल मौजूद हैं। बंगलादेश के चुनाव में शेख हसीना की पार्टी को चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया गया और यह एक प्रकार से एक दलीय चुनाव हुआ है। शेख हसीना की पार्टी वहां के चुनाव को रद्द करने की मांग कर रही है और यह आंदोलन बढ़ेगा, तो यह भी भारत के लिये एक समस्या बनेगा। बंगलादेश में श्रीमती हसीना के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं जिनमें उन्हें आजीवन कारावास और मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। अभी तक बंगलादेश में हिंसा प्रतिहिंसा का चलन रहा है। बंगलादेश के जनक स्वरू शेख मुजीब की हत्या हुई उसके बाद जियाउर्र रहमान की हत्या हुई, उनकी पत्नी व रहमान को बाहर रहना पड़ा। मोहम्मद युनूस को बंगलादेश से निर्वासित किया गया। याने एक प्रकार से सत्ता के द्वारा प्रतिपक्ष व विरोधियों के दमन का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह अभी थमा नहीं है। फिर तारिक रहमान उसे कैसे हल करेंगे, पुराने प्रतिहिंसा के रास्ते पर चलेंगे या उसे समाप्त करने के उपाय खोजेंगे यह कहना अभी संभव नहीं है। अपनी पीड़ाओं को भुलाकर अपने विरोधियों को माफ करना, सम्मान देना, यह लोकतांत्रिक तो है परंतु मानसिक रूप से आसान नहीं है। फिर शेख हसीना के हटने के बाद बंगलादेश व पाकिस्तान के बीच पुनरू याराना शुरू हुआ है। यद्यपि पूर्व स्थिति की बहाली तो संभव नहीं है परंतु मिलीजुली विदेश नीति भारत के लिये चुनौतियां खड़ी कर सकती है। शेख हसीना को बंगलादेश प्रत्यर्पित करने की मांग भी भारत व बंगलादेश के बीच एक टकराव का कारण बन सकती है। हालांकि अमेरिका के एक सीमित लक्ष्य की पूर्ति याने समर्थक और दोस्ती करने वाली सरकार हट गई है। पर अब यथास्थिति को बनाये रखने का उद्देश्य हो सकता है।

नेपाल में भी जेन जी के नौजवानों ने अचानक आंदोलन शुरू किया था जिसमें भारी हिंसा हुई और अंत में सैन्य हस्तक्षेप के बाद प्रधानमंत्री का इस्तीफा हुआ तथा श्रीमति कार्की को कार्यकारी प्रधानमंत्री बनाया गया। वहाँ चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के तीनों धड़े श्री ओली, प्रचंड तथा नेपाली कांग्रेस पूरी तरह पराजित हुए हैं और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से श्री वीरेन्द्र शाह को जन समर्थन मिला है। श्री वीरेन्द्र शाह को उनके दल ने बहुमत से प्रधानमंत्री पद के लिये उनका चुनाव किया। इससे अब नेपाल में फिर से सामंतवाद का जन्म हो सकता है। श्री वीरेन्द्र शाह युवा हैं, परंतु उनका स्वभाव कितना उग्र व अमर्यारित है जिसे एक घटना से जाना जा सकता है। चुनाव से पहले उनकी पत्नी की कार को पुलिस ने रोक लिया और श्री बालेन शाह वहाँ पहुंचे तथा उन्होंने वहाँ कहा कि मैं तुम्हारी गद्दी को भी जला दूंगा। उनका यह बयान उनकी मानसिकता का परिचायक है।

अध्यात्म

## पाप का गुरु कौन है

एक पंडित जी कई वर्षों तक काशी में शास्त्रों का अध्ययन करने के बाद अपने गांव लौटे। गांव के एक किसान ने उनसे पूछा, पंडित जी आप हमें यह बताइए कि पाप का गुरु कौन है? प्रश्न सुन कर पंडित जी चकरा गए, क्योंकि भौतिक व आध्यात्मिक गुरु तो होते हैं, लेकिन पाप का भी गुरु होता है, यह उनकी समझ और अध्ययन के बाहर था। पंडित जी को लगा कि उनका अध्ययन अभी अधूरा है, इसलिए वे फिर काशी लौटे। फिर अनेक गुरुओं से मिले। मगर उन्हें किसान के सवाल का जवाब नहीं मिला। अचानक एक दिन उनकी मुलाकात एक वेश्या से हो गई। उसने पंडित जी से उनकी परेशानी का कारण पूछा, तो उन्होंने अपनी समस्या बता दी। वेश्या बोली, पंडित जी! इसका उत्तर है तो बहुत ही आसान, लेकिन इसके लिए कुछ दिन आपको मेरे पड़ोस में रहना होगा। पंडित जी के हां कहने पर उसने अपने पास ही उनके रहने की अलग से व्यवस्था कर दी। पंडित जी किसी के हाथ का बना खाना नहीं खाते थे, नियम-आचार और धर्म के कट्टर अनुयायी थे। इसलिए अपने हाथ से खाना बनाते और खाते। इस प्रकार से कुछ दिन बड़े आराम से बीते, लेकिन सवाल का जवाब अभी नहीं मिला। एक दिन वेश्या बोली, पंडित जी! आपको बहुत तकलीफ होती है खाना बनाने में। और तीन-चार घंटे बीत जाते हैं। यहां देखने वाला तो और कोई है नहीं। आप कहें तो मैं नहा-धोकर आपके लिए कुछ भोजन तैयार कर दिया करूं। आप मुझे यह सेवा का मौका दें, तो मैं दक्षिणा में पांच स्वर्ण मुद्राएं भी प्रतिदिन दूंगी। स्वर्ण मुद्रा का नाम सुन कर पंडित जी को लोभ आ गया। साथ में पका-पकाया भोजन। अर्थात दोनों हाथों में लड्डू। इस लोभ में पंडित जी अपना नियम-व्रत, आचार-विचार धर्म सब कुछ भूल गए। पंडित जी ने हामी भर दी और वेश्या से बोले, ठीक है, तुम्हारी जैसी इच्छा। लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखना कि कोई देखे नहीं तुम्हें मेरी कोठी में आते-जाते हुए। वेश्या ने पहले ही दिन कई प्रकार के पकवान बनाकर पंडित जी के सामने परोस दिया। पर ज्यों ही पंडित जी खाने को तत्पर हुए, त्यों ही वेश्या ने उनके सामने से परोसी हुई थाली खींच ली। इस पर पंडित जी क्रुद्ध हो गए और बोले, यह क्या मजाक है? वेश्या ने कहा, यह मजाक नहीं है पंडित जी, यह तो आपके प्रश्न का उत्तर है। यहां आने से पहले आप भोजन तो दूर, किसी के हाथ का पानी भी नहीं पीते थे, मगर स्वर्ण मुद्राओं के लोभ में आपने मेरे हाथ का बना खाना भी स्वीकार कर लिया। यह लोभ ही पाप का गुरु है। कोई लोभ न करे, तो वह पाप भी नहीं करेगा। आज हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं कि बड़े-बड़े राजनेता करोड़ों के घोटालों में फंसे हुए हैं, मात्र लोभ के पाश में इतने जकड़ जाते हैं कि उन्हें अपने मान-सम्मान की मर्यादा का भी ख्याल नहीं रहता। लोभ अच्छे से अच्छे विवेकी या बुद्धिमान को अंधा बना देता है। अच्छे- बुरे लोग हर युग में रहे हैं। विवेकी लोग कभी लोभ के वशीभूत नहीं हुए और नासमझ लोभ में फंस कर तबाह हुए। लोभ के कारण अभिमान भी आ जाता है। और ये दोनों मिलकर ऐसा जाल बुन देते हैं कि इससे बचना मुश्किल हो जाता है।

# क्षेत्रीय दलों पर भारी पड़ रही भाजपा....

**बेशक तमिलनाडु की परंपरागत द्रविड़ राजनीति के विरुद्ध त्रिशंकु विधानसभा में चमत्कारिक रूप से सबसे बड़े दल के रूप में उभरी अभिनेता जोसेफ विजय चंद्रशेखर की टी.वी.के. भी एक क्षेत्रीय दल ही है लेकिन दशकों पुराने स्थापित क्षेत्रीय दलों-द्रमुक और अन्नाद्रमुक तो सत्ता के खेल से बाहर नजर आ रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और पंजाब में 'आप' ही 2 ऐसे क्षेत्रीय दल हैं, जिन्हें चुनावी पटखनी देना भाजपा के लिए शेष है। इन दोनों राज्यों में अगले साल ही विधानसभा चुनाव होंगे। पंजाब में अगर शिरोमणि अकाली और भाजपा फिर से दोस्त बन गए तो पंजाब की चुनावी तस्वीर बदलते भी देर नहीं लगेगी। हां, यह बात अलग है कि एक और क्षेत्रीय दल के रूप में शिरोमणि अकाली दल की सत्ता राजनीति में वापसी हो जाएगी लेकिन वह भाजपा का दोस्त ही होगा-जैसे कि आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडु, पुडुचेरी में एन. रंगासामी आदि हैं।**

**राज कुमार सिंह**

भाजपा उस राजनीतिक विमर्श को भी ध्वस्त कर रही है कि उसे चुनौती देने का जो काम देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस नहीं कर पा रही, वह क्षेत्रीय दल बखूबी कर रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम बहुमत और कांग्रेस के 44 सीटों पर सिमट जाने से वह विमर्श शुरू हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणामों ने भी उसे बल प्रदान किया लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से वह कमजोर पड़ने लगा है। बेशक 2024 में भाजपा को मात्र 240 सीटों पर रोक देने में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तमिलनाडु में द्रमुक और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने उसमें अहम भूमिका निभाई। बेशक कांग्रेस की सीटें भी 52 से बढ़ कर 99 हो गईं लेकिन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह क्षेत्रीय दलों के सहारे 'परजीवी' है। बात गलत भी नहीं थी, इन राज्यों में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से गठबंधन के सहारे ही चुनाव लड़ने को मजबूर है।

बेशक हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकारें हैं, पर पहले दोनों राज्य लोकसभा सीटों की संख्या के लिहाज से ज्यादा प्रभावी नहीं हैं। शायद इसीलिए 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा के निशाने पर क्षेत्रीय दल और उनकी सरकारें ज्यादा नजर आती हैं। कांग्रेस के अघोषित नेतृत्व वाला विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन स्वाभाविक ही भाजपा के 240 सीटों पर सिमट जाने को अपनी सफलता मान रहा था लेकिन उसके बाद से उसके हिस्से हार के झटके ही ज्यादा आए हैं। सिर्फ झारखंड और जम्मू-कश्मीर ही अपवाद रहे, जहां कांग्रेस की उपस्थिति का सत्ता राजनीति में ज्यादा अर्थ नहीं है। जम्मू-कश्मीर में नैशनल कान्फ्रैंस का ही दबदबा है तो झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा का और विधानसभा चुनाव के बाद दोनों की ही कांग्रेस से दूरियां बढ़ती दिख रही हैं।

48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन 30 सीटें जीत गया। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतीं तो उद्धव की शिवसेना ने 9, जबकि शरद पवार की राकांपा ने 8। तमिलनाडु में भी इंडिया गठबंधन 39 में 35 सीटें जीतने में सफल रहा। पश्चिम बंगाल में भी तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को 12 सीटों पर समेटते हुए 42 में से 29 लोकसभा सीटें जीत लीं। अलग लड़ी कांग्रेस भी एक सीट जीत गई। 20 सीटों वाले केरलम् में भी कांग्रेस नीत यू.डी.एफ. 18 सीटें जीत गया, जबकि तत्कालीन सत्तारूढ़ एल.डी.एफ. के हिस्से 1 ही सीट आई। भाजपा भी पहली बार अपना खाता खोलने में सफल रही। बेशक यू.डी.एफ. की 18 में से 14 सीटें कांग्रेस की रहीं लेकिन केरलम् में गठबंधन राजनीति एक अनिवार्यता रही है। इसलिए कांग्रेस की सीटें बढ़ कर 99 हो जाने के बावजूद भाजपा के तेज रफ्तार विस्तार पर नियंत्रण में क्षेत्रीय दलों की अहम् भूमिका है। बेशक



चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी, नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड, जयंत चौधरी का राष्ट्रीय लोकदल, एकनाथ शिंदे की शिवसेना, स्वर्गीय अजित पवार की राकांपा के अलावा तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, भाजपानीत राजग में शामिल हैं लेकिन नवीन पटनायक का बीजू जनता दल, हेमंत सोरेन का झामुमो, लालू-तेजस्वी का राजद, अखिलेश यादव की सपा, एम.के. स्टालिन का द्रमुक, उमर अब्दुल्ला की नैशनल कान्फ्रैंस, अरविंद केजरीवाल की 'आप' और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम बड़े क्षेत्रीय दल उससे दूरी बनाए हुए हैं।

संयोग कहें या प्रयोग, 2024 से ही इन दलों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पटनायक के बीजद की दशकों पुरानी सत्ता ओडिशा में तो भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ हुए विधानसभा चुनाव में ही उखाड़ फैंकी थी, महाराष्ट्र में चंद महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में पासा पलट दिया, जब विपक्ष हाशिए पर चला गया। भारतीय राजनीति में धूमकेतु की तरह चमके केजरीवाल की 'आप' से भी भाजपा ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में सत्ता छीन ली। पिछले साल के अंत में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में ही ऐसे ही एकतरफा परिणाम आए, जिनके लिए विपक्ष सीधे-सीधे चुनाव आयोग की भूमिका पर सवालिया निशान लगा रहा है। अरसे से ई.वी.एम. पर संदेह जताता रहा विपक्ष अब एस.आई.आर. प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम काटे जाने को भाजपा की अप्रत्यक्ष चुनावी मदद करार दे रहा है। बेशक चुनाव आयोग की भूमिका से जुड़े विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक गए हैं लेकिन चुनाव परिणाम नहीं बदल रहे।

पश्चिम बंगाल को ममता बनर्जी का सत्ता दुर्ग अभेद्य माना जा रहा था। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 200 पार का नारा दे कर 77 सीटों पर थम गई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को और बड़ा झटका दिया था। उसके चलते माना जा रहा था कि इस बार भाजपा 100 पार भले चली जाए, पर ममता की सत्ता नहीं डिगेगी लेकिन 2021 के चुनाव परिणाम 2026 में लगभग पलट गए।

बेशक तमिलनाडु की परंपरागत द्रविड़ राजनीति के विरुद्ध त्रिशंकु विधानसभा में चमत्कारिक रूप से सबसे बड़े दल के रूप में उभरी अभिनेता जोसेफ विजय चंद्रशेखर की टी.वी.के. भी एक क्षेत्रीय दल ही है लेकिन दशकों पुराने स्थापित क्षेत्रीय दलों-द्रमुक और अन्नाद्रमुक तो सत्ता के खेल से बाहर नजर आ रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और पंजाब में 'आप' ही 2 ऐसे क्षेत्रीय दल हैं, जिन्हें चुनावी पटखनी देना भाजपा के लिए शेष है। इन दोनों राज्यों में अगले साल ही विधानसभा चुनाव होंगे। पंजाब में अगर शिरोमणि अकाली और भाजपा फिर से दोस्त बन गए तो पंजाब की चुनावी तस्वीर बदलते भी देर नहीं लगेगी। हां, यह बात अलग है कि एक और क्षेत्रीय दल के रूप में शिरोमणि अकाली दल की सत्ता राजनीति में वापसी हो जाएगी लेकिन वह भाजपा का दोस्त ही होगा-जैसे कि आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडु, पुडुचेरी में एन. रंगासामी आदि हैं।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। छोटे बच्चों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**वृषभ**
बजट का ध्यान रखते हुये काम करें। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें।

**मिथुन**
अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपायें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**सिंह**
किसी सार्वजनिक बैठक में आपको विशेष महत्व मिलेगा। उधार लेन-देन सावधानीपूर्वक करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं।

**कन्या**
प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृश्चिक**
जीवनशैली में नयापन आयेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों में लाभ होगा।

**धनु**
झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी।

**मकर**
किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है।

**कुंभ**
कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवायें। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है।

**मीन**
आज आप नयी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मनोनुकूल जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कचरा प्रबंधन के नाम पर 11 लाख रुपए की बर्बादी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड के अंदौली दरवेशपुरा पंचायत में बिहार सरकार के द्वारा सरकारी जमीन पर मिट्टी भराई के लिए 3 लाख और भवन निर्माण के लिए 7.5 लाख रुपए खर्चे तो कर दिए गए हैं लेकिन ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं हुआ। पंचायत के मात्र दलितटोला का हाल बेहाल है इलाके में सड़क किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पंचायत के युवा मुखिया अभिमन्यु कुमार और मुन्ना मुखिया के द्वारा वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना से भवन का निर्माण करवाया तो गया लेकिन एक साल के भीतर ना तो भवन के माथे पर छत है और नाही करकट यहां तक की लोहे का पाइप तक गायब हो चुके हैं लेकिन विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं है। मामले पर जब प्रखंड स्वच्छता सावणवक संजय कुमार से बात की तो उन्होंने जांच करवाते हुए कचरा केंद्र को जीवित करने की बात कही है। वही ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदारी के नाम पर सिर्फ लूट हुई है।

### पुल निर्माण कार्य जोरों पर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक और बेलछी प्रखंड के सीमाने पर नदी किनारे के किनारे बसा धनुष बीघा गांव आजादी के आठवें दशक में भी संपर्क पथ के लिए परेशान था हजारों की आबादी वाला यह गांव बरसात के दिनों में करीब 4 महीने तक परेशान रहता आने जाने के लिए ग्रामीणों को अधिक पानी में नौका से और पानी कम जाने के बाद वास के जुगाड़ पुल से आना-जाना करते थे ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय विधायक से भी संपर्क पथ की मांग की थी लेकिन अब निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का लहर देखा जा रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों में आक्रोश

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत शक सोहरा पूर्वी पंचायत के गोपाई चक गांव स्थित आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-182 अक्सर बंद ही रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला पर्यवेक्षक से कई बार आंगनबाड़ी की शिकायत की जा चुकी है फिर भी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। मंगलवार के दिन उपरोक्त आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटका हुआ था मामले पर जब प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुनीता कुमारी से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र के सेविका सहायिका सहित पर्यवेक्षक से भी पूछताछ के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

### शिक्षा पदाधिकारी की नहीं सुनते,11 बजे ही हो जाती विद्यालय में छुट्टी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय किशनपुर के बच्चों को सोमवार के दिन 11:00 से पहले ही शिक्षक ने छुट्टी कर दी बच्चों ने बताया कि आज चावल दाल और चोखा खिलाया गया है मामले पर जब मीनू में गड़बड़ी और बच्चे की छुट्टी पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जय कुंडल प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने कई बार विद्यालय का निरीक्षण किया है और कई बार आवश्यक निर्देश भी दिए हैं लेकिन आज तक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा हमारी बात नहीं सुनी जाती है। इसलिए हमने जिला कार्यालय को इस बाबत लिखित शिकायत कर दी है जिला के पदाधिकारी ही अब उसे विद्यालय के हालात को सुधरेंगे मामले पर जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक से बात करने का प्रयास किया गया तो वह मामले पर चुप्पी साध दिए।

### अनुमंडलीय अस्पताल बना लोगों का डस्टबिन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल का हाल इन दोनों खराब है। हालत यह है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अस्पताल की सुरक्षा और सफाई के लिए चार दिवारी का निर्माण तो कर दिया है लेकिन अस्पताल के पश्चिमी छोर के इलाके में रहने वाले लोग अस्पताल की दिवार के ऊपर से अपने घर का कचरा अस्पताल के हाते में डाल देता है। जिसके चलते लगातार अस्पताल में गंदगी फैलता ही जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कई बार स्थानीय नागरिकों को रोकने का प्रयास भी किया गया लेकिन आदत से मजबूर लोग अस्पताल के हाता में ही अपना घर का कचरा फेंकते हैं।

### आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल, में 'नशामुक्त भारत, स्वस्थ भविष्य' का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धूम्रपान और तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से आरपीएस रेसिडेन्शियल स्कूल, पटना द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।




इस अभियान में कक्षा 5वीं और 6वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रैली, पोस्टर-निर्माण तथा स्लोगन लेखन के माध्यम से लोगों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह एवं उप्र प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्क बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सभी लोगों से तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की तथा स्वस्थ समाज निर्माण का संकल्प लिया।

### फरार आरोपी ने किया सरेंडर

**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के रेवां गांव में केस वापस के नाम पर गाली गलौज मारपीट कर उसके पैर में गोली मारकर जख्मी कर देने के मामले में फरार चल रहे सुबोध कुमार पिता अवधेश प्रसाद के घर कुर्की करने गई पुलिसिया दबिश मे आकर सरेंडर कर दिया है।दरअसल यह मामला बीते 18 नवंबर 2025 की है जहां पर रेवा गांव के रविरंजन कुमार पिता रामवरन प्रसाद के घर पर हरवे हथियार के साथ चढ़कर कुल चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए एक व्यक्ति को पैर में गोली मार कर जख्मी कर दिया था, इसी मामले में फरार चल रहे आरोपी सुबोध कुमार पिता अवधेश प्रसाद ने सरेंडर कर दिया है।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया की मसौढ़ी थाना कांड संख्या 898/25 दिनांक 18.11.25 के अभियुक्त सूबोध कुमार पिता अवधेश प्रसाद घर रेवा के घर पर कुर्की करने के क्रम में सरेंडर किया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।



### ठगी मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के कुम्हरटोली मोहल्ले में मंगलवार को मसौढी पुलिस ने एक जमीन रजिस्ट्री मे फर्जीवाड़ा कर पैसा ठगी करने के मामले मे फरार चल रहे आरोपी रंजीत कुमार पिता राजेंद्र राम के घर पर विधवत तौर पर इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल यह मामला बिते 5 फरवरी 2026 की है जहां पर तारेगना चक के रहने वाले कुणाल कुमार पिता नाथुन सिंह ने मसौढी थाने में जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 25 लाख 36 हजार ठगी करने का




मामला में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें आवेदक आरोप लगाया था की मौजा अब्दुल्ला नगर, तारेगना डीह में 15 धर की जमीन को दिखाकर हमें विश्वास में लिया और एग्रीमेंट करवाया उसके बाद चार किस्त मे 25 लाख 36 हजार रुपए भी ले लिए लेकिन उसके बाद जमीन रजिस्ट्री नहीं कि उसके बाद मोबाइल बंद करके वह फरार हो गया तब मुझे ठगी होने का महसूस हुआ और थाने में केस दर्ज करवाया था।

# मसौढ़ी में धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

**केक काटकर दी गई बधाई ● प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बोले - 'नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़, सेवा भाव को सलाम'**







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मसौढ़ी में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर अस्पताल की सभी नर्सों को सम्मानित किया गया और उनके सेवा भाव के लिए बधाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुज सिंह ने की। उन्होंने कहा, "फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर मनाया जाने वाला यह दिन हमें नर्सों के त्याग, समर्पण और सेवा भाव की याद दिलाता है। कोविड हो या सामान्य दिन, नर्सें दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटी रहती हैं। वे स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं।" कार्यक्रम में स्टाफ नर्स संगीता कुमारी,सरीता भारती, प्रियंका,अंजू समेत सभी एएनएम और जीएनएम ने अपने अनुभव साझा किए।संगीता ने कहा, "मरीज की मुस्कान ही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। रात-रात भर जागकर ड्यूटी करना पड़ता है, लेकिन जब मरीज ठीक होकर घर जाता है तो सारी थकान मिट जाती है। इस मौके पर अस्पताल में भर्ती कुछ मरीजों और उनके परिजनों ने भी नर्सों के व्यवहार की सराहना की। परिजनों ने कहा कि नर्सें समय पर दवा देने से लेकर मरीज की देखभाल तक, हर काम तत्परता से करती हैं।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि नर्सिंग पेशे को और मजबूत बनाने के लिए अस्पताल प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। कार्यक्रम में बीएचएम ललन सिंह, बीएएम चंद्रभभुषण प्रसाद,फार्मासिस्ट व अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## भूमिहीन महादलितों के लिए बनेंगे सार्वजनिक शौचालय

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत 7 पंचायत के महा दलित की जीवन शैली का आकलन प्रखंड के नए स्वच्छता कोऑर्डिनेटर संजय कुमार ने अपने कर्मचारियों से करवाई इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रखंड में कुल 37 महादलित टोला है उनके घरों का आकलन किया गया जिसमें 761 महादलित के घर में आज भी शौचालय नहीं है जिसके चलते उन्हें खुले में शौच जाना पड़ता है मामले को गंभीरता को देखते हुए यह भी आकलन करवाया गया कि कितने महादलित के पास शौचालय बनवाने के लिए जमीन नहीं है तो सर्वे में पाया गया कि 285 महादलित के पास घर तो है। कोऑर्डिनेटर ने जिला को जानकारी देते हुए यथाशीघ्र महा दलित के लिए सत प्रतिशत शौचालय बनवाने का निर्णय लेते हुए उसे पर तेजी से काम भी शुरू कर दिया है।

## पशुपालन के विकास में विश्वविद्यालय बनेगा सरकार का थिंक टैंक : नंदकिशोर राम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम ने मंगलवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर राज्य में पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित शोध, प्रसार कार्यक्रम, पठन-पाठन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, अंगीभूत महाविद्यालयों की गतिविधियाँ, पशु स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण अभियान एवं पशुपालकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से मंत्री को अवगत कराया। अपने संबोधन में मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि बिहार का



गौरवशाली इतिहास रहा है और उसकी प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने के लिए सभी को समर्पण भाव से कार्य करना होगा। मंत्री ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है, लेकिन विभिन्न संस्थाओं और योजनाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इसे और ऊंचाइयों तक ले जाने की आवश्यकता है। इस दौरान मंत्री ने विश्वविद्यालय के पशु प्रक्षेत्र परिसर का निरीक्षण किया तथा वहां पशुओं के रख-रखाव एवं देशी नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग पेशे के महत्व को उजागर करना तथा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समर्पण और मानव सेवा की भावना के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन श्री एस. के. मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रशिक्षित




नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं तकनीकी विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे समय में संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है। श्री मंडल ने जानकारी दी कि संस्थान में नर्सिंग, फामेर्सी, पैरामेडिकल, आईटी एंड मैनेजमेंट तथा पॉलिटेक्निक से संबंधित विभिन्न रोजगारपरक एवं तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक लैब, अनुभवी शिक्षकों एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस अवसर पर संस्थान द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम की भी घोषणा की गई। संस्थान प्रशासन ने बताया कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम में सफल विद्यार्थियों को बधाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संस्थान प्रबंधन ने यह भी जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्थान परिसर में आकर विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही संस्थान की ओर से यह संदेश भी दिया गया कि जो छात्र किसी कारणवश परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए हैं, वे निराश न हों। ऐसे विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं करियर काउंसलिंग उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे दोबारा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य को नई दिशा दे सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषण, पोस्टर प्रदर्शन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नर्सिंग सेवा के महत्व को दशार्या। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना की। अंत में संस्थान परिवार की ओर से सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा समाज में स्वास्थ्य सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया गया।

# छात्रों का मनोबल टूटने नहीं देंगे- नीट विवाद पर बोले बिपिन सिंह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीट परीक्षा में पेपर लीक एवं अनियमितताओं को लेकर परीक्षा रद्द होने की चचाओं के बीच छात्रों और अभिभावकों में भारी चिंता एवं असमंजस का माहौल देखा जा रहा है। वर्षों की कठिन मेहनत और सपनों को लेकर परीक्षा देने वाले लाखों छात्र मानसिक दबाव, तना व और भविष्य की अनिश्चितता से जूझते दिखाई दिए। कई छात्रों ने एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर बार-बार पेपर लीक जैसी घटनाएँ क्यों सामने आती हैं, जिससे देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गोल इंस्टीच्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में पेपर लीक एवं परीक्षा रद्द होने जैसी घटनाएँ छात्रों के मनोबल को गहराई से प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई छात्र वर्षों



तक दिन-रात मेहनत करता है और फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करता है, तो उसका परीक्षा प्रणाली पर से विश्वास कमजोर होने लगता है। इससे छात्र गंभीर तनाव, चिंता एवं मानसिक दबाव के शिकार हो जाते हैं। बिपिन सिंह ने आगे कहा कि गोल इंस्टीच्यूट हमेशा छात्रों के सपनों और उनके मानसिक संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गोल इंस्टीच्यूट ने गोल तथा अन्य सभी संस्थानों के छात्रों के लिए एक विशेष ह्लपुनः-नीट सफलता सहायता कार्यक्रमह्व तैयार किया है। इस सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को पूरी रणनीति के साथ तैयारी कराने हेतु कुछ निःशुल्क टेस्ट,टीचर का सहयोग, और अधिक समय होने पर निःशुल्क क्रैश कोर्स उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि छात्र अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें मजबूत बना सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यदि छात्र इस विशेष कार्यक्रम को सही दिशा एवं अनुशासन के साथ फॉलो करते हैं, तो वे री-नीट में पहले से भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपने डॉक्टर बनने के सपने को साकार कर सकते हैं। गोल इंस्टीच्यूट छात्रों के आत्मविश्वास, मानसिक शक्ति एवं सफलता के लिए हर परिस्थिति में उनके साथ मजबूती से खड़ा है। गोल इंस्टीच्यूट द्वारा शुरू किया गया यह पहल छात्रों के लिए केवल एक अकादमिक सपोर्ट नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में उनके मनोबल को बनाए रखने का एक मजबूत प्रयास माना जा रहा है।

## फरार अभीयुक्त करण पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घर में अवैध हथियार रखने और अवैध हथियार के बल पर अपने सहयोगी के साथ चोरी करने के मामले में नामजद अभियुक्त करण कुमार पिता हरि मांझी लखनपार लोदीपुर से गिरफ्तार किया गया है। दरअसल इस मामले में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 160/ 25 के तहत बीते 18. 8.2025 को पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि एक घर में अवैध हथियार रखे हुए हैं, टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई, जहां पर घर में एक महिला पुष्पा देवी के सहयोग से घर की पूरी तलाशी ली गई जहां एक कमरे में टीवी के पीछे एक चाईना निर्मित एक देसी सिक्सर रिवाल्वर और एक मिसफायर गोली और कई सामान बरामद किए गए थे। जिसमें आरोपी रितिक कुमार पिता पप्पू कुमार को मौके से गिरफ्तार किया गया था, पूछताछ पर बताया गया था कि यह अवैध हथियार लखनपार लोदीपुर के करण कुमार पिता हरि मांझी ने लाकर दिया है।

# मोकामा में वंदे भारत पर पथराव करने वाले दो युवक गिरफ्तार, आरपीएफ ने भेजा जेल



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटनाओं पर लगाम कसते हुए मोकामा आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। 2 जनवरी को बाढ़-मोकामा रेलखंड पर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।मोकामा आरपीएफ निरीक्षक रवीन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 2 जनवरी को कुछ असामाजिक तत्वों ने बाढ़ और मोकामा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया था। घटना के बाद से ही आरपीएफ आरोपियों की तलाश में जुटी थी।सोमवार को आरपीएफ उप निरीक्षक प्रदीप झा ने मोर स्टेशन के समीप सुल्तानपुर रेल्वे ट्रैक पर संदिग्ध रूप से घूमते दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान बाढ़ के गोनामा निवासी नीतीश कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई। दोनों ने वंदे भारत पर पथराव की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है।

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजनाः मसौढ़ी के तीन वार्डों में सड़क-नाला निर्माण का शिलान्यास

**विधायक अरुण मांझी बोले- स्थानीय लोगों को मिलेगा सुगम आवागमन**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4, 5 और 21 में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का मंगलवार को विधायक अरुण मांझी ने शिलान्यास किया। शिलान्यास के मौके पर विधायक अरुण मांझी ने कहा, "इन तीनों वार्डों में सड़क और नाला बनने से स्थानीय निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। बरसात में जलजमाव की समस्या से भी निजात मिलेगी। सरकार की प्राथमिकता शहरों का समग्र विकास है। योजना के तहत वार्ड-4, वार्ड-5 और वार्ड-21 में पीसीसी सड़क के साथ दोनों तरफ



आरसीसी नाला का निर्माण कराया जाएगा।शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, वार्ड पार्षद उर्वशी देवी समेत वार्ड पार्षद रेणु देवी, देव कुमार और अन्य वार्ड पार्षद, नगर परिषद के कनीय अभियंता व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने कहा कि तीनों वार्डों में लंबे समय से सड़क-नाला की मांग थी। विधायक के प्रयास से योजना स्वीकृत हुई है। काम गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी शिलान्यास पर खुशी जताई।

## धनरूआ जीविका कार्यालय में टैपरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण, नीरा विक्रय बढ़ाने पर बनी सहमति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीविका कार्यालय धनरूआ में मंगलवार को नीरा उत्पादन करने वाले टैपरों के लिए एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना प्रबंधक मंतोष कुमार ने नीरा उत्पादन करने वाले सभी टैपरों का उन्मुखीकरण किया। उन्होंने नीरा संग्रहण की वैज्ञानिक विधि, स्वच्छता, पैकेजिंग और



पोषण संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया और नए आवेदन भरने को लेकर टैपरों से चर्चा की गई। कार्यशाला में नीरा विक्रय को तेजी से बढ़ाने पर सभी टैपरों के बीच सहमति बनी। तय किया गया कि जीविका समूहों के माध्यम से नीरा के स्टॉल लगाए जाएंगे और बाजार में इसकी उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। इससे टैपरों की आय में वृद्धि होगी और पलायन रुकेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक गुंजन कुमार सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जीविका टैपरों को प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी। "नीरा एक हेल्थ ड्रिंक है। इसकी ब्रांडिंग कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।प्रशिक्षण में धनरूआ प्रखंड के 40 से अधिक टैपरों ने भाग लिया। सभी ने नीरा उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने का संकल्प लिया।

# आईपीएस विकास वैभव बने मगध रेंज के नए आईजी, मसौढी में भव्य स्वागत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस के तेजतर्रार अधिकारी माने जाने वाले 2003 बैच के आईपीएस विकास वैभव को मगध क्षेत्र का नया पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नियुक्त किया गया है। मंगलवार को गया जाने के दौरान मसौढी बायपास पर उनका भव्य स्वागत किया। करीब 6 साल बाद फील्ड पुलिसिंग में वापसी कर रहे विकास वैभव ने पदभार ग्रहण करते ही भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का ऐलान किया। मीडिया से बातचीत में आईजी ने दो टूक कहा, "जो कानून का सम्मान करेगा, उसका हम भी सम्मान करेंगे। जो नहीं करेगा, कानून अपना काम करेगा।" उन्होंने अपराधियों, माफियाओं और भ्रष्ट तत्वों को चेतावनी



देते हुए कहा कि मगध रेंज में कानून का राज स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता है। आईजी विकास वैभव ने कहा कि उनका फोकस पूर्ण निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कानून का शासन बनाए रखने पर होगा। "थाना स्तर पर आम जनता की सुनवाई सुनिश्चित होगी। पुलिस का व्यवहार पीड़ित-संवेदनशील हो, यह मेरी कोशिश रहेगी। लेकिन अपराधियों के लिए पुलिस का रवैया उतना ही सख्त होगा।उन्होंने साफ किया कि पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। "वर्दी की आड़ में अवैध वसूली या अपराधियों से साठगांठ करने वाले पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई होगी। पब्लिक फीडबैक के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

**दादा पोती के रिश्ते को किया शर्मसार**

## घर पर बुलाकर कर गलत करने की कोशिश, हुआ गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के एक गांव में दादा और पोती के रिश्ते को कलंकित करने वाली घटना प्रकाश में आई है। जहां पर एक 50 साल के एक अधेड़ ने अपने 13 साल की पोती के साथ गलत करने की कोशिश की गई है, इस मामले में पीड़ित नाबालिक बच्ची ने अपने माता-पिता को इसकी खबर दि, जहां माता-पिता ने अविलंब थाने को सूचना देकर उसे गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने उसे मौके पर घर से ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अमोद कुमार उम्र 50 वर्ष पिता स्व. शिवदयाल राम है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की नाबालिक बच्ची ने बताया कि स्कूल जाने के दौरान घर पर बुलाया और एक पत्र दिया जिसमें कई उल्टी सीधी बातें लिखी हुई थी और गलत नीयत से गंदी हरकत भी करने लगा था,इसी की शिकायत पर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

## पीडीएस गेहूं लदी पिकअप वैन गड्ढे में पलटी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के कांडाप के पास में एक पीडीएस का अनाज से लगा हुआ एक पिकअप वैन अचानक गड्ढे में पलटी खा गई हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई, लेकिन दर्जनों गेहूं के बोरे पानी में भीग गये, जिसे आनन-फानन में उसे निकाला गया है। गोदाम प्रभारी कुमार गौरव ने बताया कि पुनपुन राशन गोदाम से संपतचक के कांडप के लिए नागेंद्र सिंह डीलर के दुकान पर पहुंचाने के लिए यहां से पिकअप वैन पर 65 बोरा गेहूं लाद कर जा रहा था जो मोड़ के पास टर्निंग से बैक करने के दौरान गाड़ी अनबैलेंस हो गई और गड्ढे में पलटी खा गई जिससे कुछ 8-10 बोरे गेहूं के पानी में गिर गए हैं जिसे रिप्लेस कर दिया गया है और कोई हताहत की खबर नहीं है,उसके बाद फिर सभी अनाज के बोरे को गंतव्य स्थान तक पहुंचा दिया गया है।



## ठनका गिरने से युवक की मौत, गांव में मातम

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के नूरचक गांव में ठनका (आकाशीय बिजली) गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नूरचक निवासी रवींद्र कुंवर पिता स्व. राम प्रसाद कुंवर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रवींद्र गेहूं पिसवाने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के पश्चिमी छोर नदी किनारे पर पहुंचते ही अचानक तेज आंधी-पानी शुरू हो गया। बारिश और आंधी से बचने के लिए वे एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी उसी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर वे गंभीर रूप से झुलस गए।

## संक्षिप्त समाचार

### सहयोग शिविर की तैयारियों का एसडीओ ने लिया जायजा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, निशांत सिहारा के द्वारा बंजरिया प्रखंड के जनेरवा और पचरुखा पंचायत में आगामी 19 मई को लगने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों का जायजा लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दोनों ही पंचायत का स्थलीय भ्रमण कर उपस्थित पदाधिकारियों को अभी तक प्राप्त आवेदनों का सत प्रतिशत निष्पादन कर देने का निर्देश दिया गया ताकि शिविर के पहले ही आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित हो जाए ।

### अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, पूछताछ जारी

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महुआवा गांव से बीते 6 मई को अपहृत हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बरामद किशोरी की पहचान उक्त गांव निवासी रामनाथ प्रसाद कुशवाहा की 16 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने चिरैया थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि किशोरी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वही मामले में पुलिस संलिप्त व्यक्ति की तलाश कर रही है। बताया कि सब- इंस्पेक्टर कोमल कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद किशोरी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया था या जबरन अपहरण किया गया था। बताया जाता है कि पुलिस के लगातार दबाव और छापेमारी के कारण अपहरणकर्ताओं ने किशोरी को छोड़ दिया, जिसके बाद वह सकुशल अपने घर लौट आई। किशोरी की बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस ली है, जबकि पुलिस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।



### शादी समारोह में फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्यागढ थाना क्षेत्र के केवटी गाँव में 30 अप्रैल को शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में गोली चलाने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 30 अप्रैल की रात केवटी गाँव में शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच डीजे पर नाचने को लेकर कहासुनी हुई थी।विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट के बाद फायरिंग हो गई, जिसमें मौली महतो नाम के युवक के पैर में गोली लग गई थी।घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।सम्यागढ थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मालपुर टाल इलाके में छापेमारी की। वहां से केवटी निवासी मुख्य आरोपी गौतम पासवान को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### डिग्री महाविद्यालय दनियावां में प्राचार्य ने दिया योगदान

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार 11 मई 2026 को पूर्वाह्न 09 बजे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलसचिव के निदेर्शानुसार प्रो. खालिद अहमद ने सेवानिवृत्त प्रो. प्रवीण कुमार तथा डॉ. रोहित कुमार के साथ डिग्री महाविद्यालय, दनियावां (पटना) के नवचयनित महाविद्यालय प्रांगण सिंगरियावां में योगदान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालन हेतु मुख्य भूमिका निभाने वाले समाजसेवी एवं शिक्षाप्रेमी दिलीप कुमार, ग्राम पंचायत सिंगरियावां की मुखिया रूबी कुमारी तथा मिठू पासवान ने प्राचार्य का स्वागत किया। इसके पश्चात राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगरियावां के प्रभारी प्रधानाध्यापक इरशाद अंजुम ने विद्यालय प्रांगण में संचालित होने वाले महाविद्यालय के लिए निर्धारित कमरों का अवलोकन कराया। ज्ञात हो कि प्रारंभ में इस महाविद्यालय का संचालन +2 महेश्वरी विद्यालय शाहजहांपुर में होना तय हुआ था। इसके बाद समाजसेवी दिलीप कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, दनियावां; जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) पटना; तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना से संपर्क कर पुनः भौतिक सत्यापन कराया और शिक्षा विभाग को वस्तुस्थिति से अवगत



कराया। इसके उपरांत मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद सिंगरियावां में महाविद्यालय संचालन का आदेश निर्गत हुआ। इस निर्णय से पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। प्रखंडवासी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। अब स्नातक शिक्षा हेतु इस प्रखंड के विद्यार्थियों को अनुमंडल हिलसा(नालंदा) तथा पटना जाने की समस्या से राहत मिलेगी।

# स्नातक की परीक्षा देने आए छात्र की दिनदहाड़े चाकू गोद हत्या

**हत्यारा मृतक का ग्रामीण निकला ● आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अशर्फी कुअर रामरतन राय महाविद्यालय परिसर में सोमवार को सरेआम एक छात्र की चाकू गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई। युवक को लगातार कई बार चाकू गोंदा गया और वह जमीन पर गिर कर अचेत हो गया। घटना के बाद पूरे महाविद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गया। दूर से सैकड़ों लोग इस वारदात को देख रहे थे,कुछ तो वीडियो भी बना रहे थे पर सभी मूक दर्शक बन कर पीछे हट रहे थे। और तो और महाविद्यालय प्रबंधन अपने छात्र को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया।मृतक रितेश कुमार यादव पिता विद्यानंद राय, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के देवपुर परसा का निवासी बताया गया है और कालेज में स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा देने आया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम पहची और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल छात्र को इलाज के लिए कोटवा पीएचसी पहुंचाया,जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रितेश एक वाहन फाइनेंस कंपनी के लिए भी काम करता था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि रिल्स बनाने को लेकर विवाद के दौरान छात्र की हत्या की गई है। मौके पर पहुंचे डीएसपी सदर 2 जितेश पांडे घटना स्थल का जायजा लिया। घटना स्थल पर कोटवा , पिपरा कोठी , भोपतपुर और कल्याणपुर थानो की पुलिस सहित एफएसएल की टीम पहुंची और पूरे मामले की जांच की गई। आसपास के सीसीटीवी को भी खंगाला गया है। इस मामले में स्थानीय लोगो और मृतक के साथी छात्रों ने बताया है कि आरोपी, मृतक रितेश का ग्रामीण सरोज यादव है,जो 8 - 10 युवकों के साथ हथियार से लैश होकर वहां पहुंचा था। मिली जानकारी के अनुसार दोनों में पहले से विवाद था। फिलहाल डीएसपी सदर 2 के नेतृत्व में पुलिस की सोशल टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। डीएसपी जितेश पांडेय ने बताया कि टेक्निकल सेल की मदद से शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा संगठन में नई जिम्मेदारी, पार्वती तिवारी बनीं रक्सौल पश्चिमी मंडल प्रभारी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लगातार नई जिम्मेदारियाँ सौंपी जा रही हैं। इसी कड़ी में पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता एवं नेत्री पार्वती तिवारी को भाजपा रक्सौल पश्चिमी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद स्थानीय कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। रक्सौल पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने पार्वती तिवारी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे एक कर्मठ, सक्रिय एवं समर्पित नेत्री हैं। उनके नेतृत्व में मंडल संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में तेजी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव एवं संगठन क्षमता से कार्यकताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं भाजपा जिला मंत्री मोतीलाल ने मंडल की प्रथम बैठक में शामिल होकर पार्वती तिवारी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की



सक्रिय भागीदारी और समर्पण से ही संभव है। नवनियुक्त मंडल प्रभारी पार्वती तिवारी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए वे सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं की आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगी।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती मोबाइल टॉवर पर चढ़ी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर चौक पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मानसिक रूप से अस्वस्थ एक युवती आत्मघाती कदम उठाने की नीयत से मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।



सूचना पाकर चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गए। युवती टॉवर के बीच हिस्से में जाकर बैठ गई थी तथा काफी समझाने-बुझाने के बावजूद नीचे आने को तैयार नहीं थी। पुलिसकर्मी नीचे से लगातार उसे सुरक्षित नीचे उतरने की अपील करते रहे। जानकारी के अनुसार टॉवर पर चढ़ी युवती थाना क्षेत्र के बहुअरवा गांव निवासी आलम देवान की 19 वर्षीय पुत्री शबनम खातून है। परिजनों ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। मंगलवार दोपहर वह अचानक घर से निकल गई और बैद्यनाथपुर चौक स्थित जियो कंपनी के मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। घटना के दौरान युवती के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पुलिस और स्थानीय लोग काफी देर तक उसे सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में लगे रहे। समाचार प्रेषण तक युवती के टॉवर से नीचे उतरने की सूचना नहीं मिली थी।

## सरकारी जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, खौलते चीनी के पाग से युवक गंभीर रूप से झुलसा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदापुर प्रखंड के श्यामपुर चौक में सरकारी जमीन पर मिट्टी भराई को लेकर शुरू हुआ विवाद मंगलवार को अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। दुकानदारों के बीच हुए इस विवाद में मिठाई बनाने के दौरान इस्तेमाल होने वाला खौलता चीनी का पाग एक युवक पर फेंक दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल कायम हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामपुर चौक निवासी चइत शाह और धर्मदेव भगत के बीच दुकान के समीप सरकारी जमीन पर मिट्टी भरने को लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट व धक्का-मुक्की होने लगी। इसी दौरान विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया, जब एक पक्ष द्वारा गर्म चीनी का पाग तारकेश्वर कुमार के ऊपर फेंक दिया गया। गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। घटना में धर्मदेव भगत, मुन्ना भगत, सुनील भगत, सलम कुमार, पप्पू कुमार, आकाश कुमार और सुमन कुमार को भी हल्की चोटें आईं। सभी घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो विवाद और गंभीर रूप धारण कर सकता था। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने के साथ घायलों को अस्पताल पहुंचाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करने में अहम भूमिका निभाई। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आदापुर क्षेत्र में डायल 112 की सक्रियता लगातार देखने को



मिल रही है। सड़क हादसों, आपसी विवादों और रात में गश्ती के दौरान टीम की तत्परता से आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। इधर, इस मामले में एक नया पहलू तब सामने आया जब धर्मदेव भगत के पुत्र मुन्ना चौरसिया उर्फ मुन्ना भगत के खिलाफ पूर्व से दर्ज मामलों की चर्चा शुरू हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार उसके खिलाफ आदापुर थाना समेत अन्य जगहों पर कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जाते हैं, जिनमें पुलिस पर हमला और अन्य गंभीर आरोप भी शामिल हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि वह पूर्व में जेल जा चुका है, जिसके कारण क्षेत्र में उसका नाम पहले से चर्चा में रहा है।

**क्या कहती है पुलिस**

मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से आदापुर थाना में आवेदन दिया गया है। आदापुर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है।

## मैत्री पुल पर मानव तस्करी की कोशिश विफल, नाबालिग लड़की सुरक्षित बरामद

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री ब्रिज पर सतर्क सुरक्षा एजेंसियों ने मानव तस्करी की एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद किया है। इस कार्रवाई में सशस्त्र सीमा बल, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर तथा स्वच्छ रक्सौल टीम की अहम भूमिका रही। जानकारी के अनुसार नेपाल से भारत की ओर आ रही एक एसयूवी वाहन की जांच के दौरान एसएसबी जवानों को वाहन में दो युवक और एक नाबालिग लड़की संदिग्ध अवस्था में मिले। पूछताछ में दोनों युवकों ने लड़की को रास्ते में 'लिफ्ट देने' की बात कही, लेकिन उनके जवाबों में विरोधाभास मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सूचना दी गई। इसके बाद लड़की की काउंसलिंग और मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि नेपाल निवासी एक महिला राधा सिंह ने इंस्टाग्राम के माध्यम से नाबालिग लड़की को अपने झांसे में लेकर नेपाल बुलाया था। बाद में योजनाबद्ध तरीके से उसे गलत इरादे से भारत लाया जा रहा था। मामले में त्रिकोलिया थाना क्षेत्र के रहने वाले कृष्ण मोहन और राजू कुमार को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में हरैया थाना, रक्सौल में कांड संख्या 67/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक मासूम लड़की संभावित मानव तस्करी का शिकार होने से बच गई। सीमा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ऐसी घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा बलों ने लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है।



## युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज एवं देश को नई दिशा मिलती है : राधामोहन

**भाजपा युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा की बैठक को किया संबोधित**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा की बैठक को सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने मंगलवार को संबोधित किया। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकताओं को संगठनात्मक मार्गदर्शन देते हुए युवाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की शक्ति है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज एवं देश को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। श्री सिंह ने बैठक में देश की वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों के कारण बढ़ती महंगाई के विषय पर भी चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सामूहिक भागीदारी की अपील का समर्थन करते हुए कहा गया कि कठिन वैश्विक परिस्थितियों में सभी नागरिकों को जिम्मेदारी के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, अनावश्यक खर्चों से बचने तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा और किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मंडलों में साइकिल का उपयोग करेंगे। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन को खरीदने और उसका उपयोग करने की बात कही ताकि पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम से कम हो सके। श्री सिंह ने कहा कि खाद्य तेल की खपत कम करें, जिससे देश की आर्थिक स्थिति और व्यक्तिगत स्वास्थ्य- दोनों को लाभ होगा। किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग पचास प्रतिशत तक कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील की। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अखिलेश सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बबलू पासवान, युवा मोर्चा प्रभारी सुधांशु रंजन, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा हरेंद्र कुशवाहा, किसान मोर्चा के प्रभारी श्यामबाबू सिंह सहित अपेक्षित युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**कार्यकर्ताओं से साइकिल से चलने एवं इलेक्ट्रॉनिक वाहन खरीदने की अपील**

## स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा पांचवें दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024- 28 की परीक्षा 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनाँक- 12/05/2026 को परीक्षा के पाँचवे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में माइनर ग्रुप-इ के अंतर्गत रसायन शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, भूगोल और दर्शनशास्त्र विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 669 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## सहयोग शिविर ने पकड़ी रफ्तार: डीएम के निर्देश पर शिविर प्रभारी ने संभाला मोर्चा

**प्रखंड स्तर पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण के द्वारा की जा रही है समीक्षा**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में 19 मई से शुरू होने जा रहे 'सहयोग शिविर' के सफल, सुचारु एवं प्रभावी संचालन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर सभी प्रखंडों में पंचायतवार शिविर प्रभारी सक्रिय होकर मोर्चा संभाल चुके हैं। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक आम नागरिकों को शिविर से लाभान्वित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी के द्वारा आम जनों से प्राप्त आवेदन एवं विभिन्न कार्यालय में पूर्व से लंबित आवेदनों की अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रगति की समीक्षा के लिए पदाधिकारियों को प्रखंड आवंटित करते हुए आज ही दिनांक 12 मई 2026 को आवंटित प्रखंड में जाकर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में उप विकास आयुक्त को आदापुर प्रखंड, जिला भू अर्जन पदाधिकारी को छौ, अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को रामगढ़वा, जिला योजना पदाधिकारी को बनकटवा, अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना को चिरैया, डीसीएलआर सिकरहना को घोड़ासहन, अनुमंडल पदाधिकारी पकड़ीदयाल को मधुबन, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी को पकड़ीदयाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पताही, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) को तेतरिया, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी को बंजरिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर मोतिहारी को कोटवा, सहायक निदेशक बाल संसद इकाई पूर्वी चंपारण को पिपराकोठी, अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण को सुगौली, जिला परिवहन पदाधिकारी को तुरकौलिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता चकिया को कल्याणपुर, अनुमंडल पदाधिकारी चकिया को केसरिया, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी चकिया को मेहसी, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज को हरसिद्धि, अपर समाहर्ता को पहाड़पुर,भूमि सुधार उप समाहर्ता अरेराज को संग्रामपुर प्रखंड एवं सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी जयंत जायसवाल को रक्सौल, प्रियरंजन राजू को ढाका, गोपाल शरण को फेनहारा, सत्यप्रकाश को चकिया प्रखंड आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी पदाधिकारी आज ही प्रखंड में जाकर सहयोग शिविर से संबंधित प्राप्त आवेदनों एवं पूर्व से लंबित आवेदनों यथा आवास, पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आरटीपीएस, दाखिल खारिज, परिमार्जन इत्यादि के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे और इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला गोपनीय प्रशाखा पूर्वी चंपारण मोतिहारी को 13 मई 2026 के अपराह्न 12:00 तक निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि प्राप्त एवं लंबित आवेदनों से संबंधित भौतिक स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे एवं इस दौरान आम जनों से फीडबैक प्राप्त करेंगे। इसी क्रम में विभिन्न प्रखंडों के लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों ने अपने-अपने प्रखंड का भ्रमण कर प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय अधिकारियों-कर्मियों के साथ बैठक की।

# टीबी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की पंचायत में चौपाल, ग्रामीणों ने बढ़ाया सहयोग का हाथ






**मरीजों को मिल रही है मुफ्त जांच, दवा और पोषण सहायता, लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी हो तो जांच कराएं**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत घोरहाट पंचायत के सलेमपुर गांव में टीबी मरीजों की पहचान और जागरूकता को लेकर विशेष सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक करते हुए बीमारी से बचाव एवं पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

**लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी हो तो जांच कराएंः**

अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों एवं विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को बताया कि लगातार दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन घटना और कमजोरी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। इसके साथ ही सीबीनेट जांच, चेस्ट एक्स-रे तथा आधुनिक जांच पद्धतियों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। लोगों को यह भी बताया गया कि टीबी का समय पर इलाज संभव है और सरकार द्वारा मरीजों को मुफ्त दवा एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन चेस्ट सोसाइटी के गवर्निंग बॉडी सदस्य डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार बेहद आवश्यक है। उन्होंने एमडीआर टीबी (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी) के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि दवा का नियमित सेवन और चिकित्सकीय सलाह का पालन ही इस बीमारी से मुक्ति का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं निक्षय पोषण योजना की भी जानकारी दी।

**प्रतिमाह 1000 रुपए पोषण सहायता राशिः**

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा टीबी मरीजों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को इलाज अवधि में प्रतिमाह 1000 रुपए पोषण सहायता राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, ताकि उन्हें पौष्टिक भोजन मिल सके। इसके अलावा निक्षय मित्र योजना के तहत सामाजिक संगठन, संस्थाएं एवं आम लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण किट और अन्य सहयोग प्रदान कर सकते हैं। सरकार द्वारा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त जांच एवं दवा की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गंभीर मरीजों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार की व्यवस्था भी की गई है।

**टीबी मुक्त पंचायत के लिए चयनः**

घोरहाट पंचायत में एमडीआर टीबी मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण इस पंचायत एवं मांझी प्रखंड को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शामिल किया गया है। अभियान के दौरान पंचायत के मुखिया सहित कई स्थानीय लोगों एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम के प्रतिनिधियों ने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की सहायता करने की इच्छा जताई। इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा विभाग से हिमांशु शेखर एवं मुकेश कुमार, मांझी प्रखंड से राजीव कुमार, जिला एचआईवी हेल्थ केयर ऑर्गनाइजेशन से सूरज प्रकाश बरनवाल तथा मनिंद्र मांझी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्रेशन का संदेश लेकर जागरुकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में 12 मई 2026 से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्रत्येक किसान की डिजिटल पहचान सुनिश्चित होगी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक सरल एवं पारदर्शी तरीके से पहुंच सकेगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने पंचायत के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी अथवा निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से संपर्क कर शीघ्र अपना फार्मर रजिस्ट्री कराएं। यह सुविधा जिले के सभी सीएससी एवं वसुधा केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं भूमि से संबंधित दस्तावेज अथवा जमाबंदी आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री, फसल बीमा, केसीसी, कृषि अनुदान तथा फसल क्षति की स्थिति में वास्तविक नुकसान के आकलन एवं मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया भी सरल होगी। किसान स्वयं भी बिहार फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।




पंजीकरण हेतु पोर्टल : बिहार फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल https://bhfr.agristack.gov.in/farmer-registry-bh/#/ अभियान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए किसान जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अथवा प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर – 7542984312, 9939726885। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला कृषि प्राधिकारी संदीप राज एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बारुण के वार्ड नं-10 में नाली निर्माण नहीं होने से परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के बारुण प्रखंड के वार्ड सं-10 में करीब 90 घर है। गांव की सड़क एवं नाली की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे सड़क पर पैदल चलने में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। एक समय यह पक्की सड़क थी परंतु नाली नहीं होने और सड़क पर मिट्टी जमा होने से कीचड़ में तब्दील हो गया है। पहली नजर में यह पहचान पाना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर कीचड़ है या कीचड़ में सड़क। देखने में सड़क की स्थिति खोत जैसी लगती है। नागरिक तपेश्वर सिह, रामकेश्वर सिह सहित ने बताया कि सड़क ग्रामीण गली से बदतर हो चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन 100 से अधिक परिवार के लोग आवागमन करते हैं। संपर्क पथों को जोड़ने वाली यह सड़क अब गड्ढों और कीचड़ से भर चुकी है। सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थिति यह है कि लोग घर से निकलते समय जमीन पर पैर रखने के लिए जगह तलाशते नजर आते हैं।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंबई**। इक्विटी बाजार में अनुशासित और पारदर्शी निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स (यूलिप्स) के तहत 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई एन्हांस्ड वैल्यू 30 इंडेक्स फंड' लॉन्च किया है। यह फंड निवेशकों को लार्ज और मिडकैप श्रेणी की उन कंपनियों में निवेश का अवसर प्रदान करता है, जिनका वैल्यूएशन मजबूत फंडामेंटल्स के मुकाबले आकर्षक माना जाता है। कंपनी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर मनीष कुमार ने लॉन्च के अवसर पर कहा कि यह फंड इक्विटी बाजार में भागीदारी का एक संरचित और पारदर्शी माध्यम उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि फोकस उन कंपनियों पर है, जिनकी कीमत उनके वास्तविक मूल्य की तुलना में कम आंकी गई है। यह फंड नियम-आधारित और इंडेक्स रणनीति पर आधारित है, जिसमें शेयरों का चयन बुक वैल्यू-टू-प्राइस, अर्निंग्स-टू-प्राइस और सेल्स-टू-प्राइस जैसे प्रमुख वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाता है। साथ ही, विभिन्न सेक्टरों में संतुलित निवेश, समय-समय पर समीक्षा और रीबैलेंसिंग इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। यह दृष्टिकोण निवेशकों को बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान भी निवेश बनाए रखने का आत्मविश्वास देता है। फंड बीएसई एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स को ट्रैक करता है, जिसमें बीएसई लार्ज एवं मिडकैप यूनिवर्स से चुनी गई 30 कंपनियां शामिल हैं। इंडेक्स की समीक्षा वर्ष में दो बार की जाती है, जिससे पोर्टफोलियो बदलते बाजार अवसरों के अनुरूप बना रहे। 30 मार्च 2026 तक इस इंडेक्स ने तीन वर्षों में 32 प्रतिशत, पांच वर्षों में 28.9 प्रतिशत और दस वर्षों में 19.4 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है, जो वैल्यू-आधारित निवेश रणनीति की मजबूती को दर्शाता है। यह फंड कंपनी के विभिन्न यूलिप उत्पादों—सिग्नेचर एश्योर, स्मार्टकिड एश्योर और स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस (एसआईपी प्लस)—के माध्यम से उपलब्ध होगा। इसके जरिए निवेशक लंबी अवधि के इक्विटी निवेश को जीवन बीमा सुरक्षा के साथ जोड़ सकेंगे।

## एक नजर

### 24 घंटे में लापता नाबालिग बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के भदवा बाजार के मो आरजू तमन्ना ने अपने 13 वर्षीय पुत्र मो शहनवाज के लापता होने का आवेदन दिया और पुलिस तुरंत हरकत में आयी। सोशल मीडिया और वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू कर दिया।रविवार को लापता नाबालिग की सूचना पटना में होने का जीआरपी पुलिस ने रफीगंज थाना को दिया। जिसे 24 घंटे के अंदर रफीगंज पुलिस बरामद कर उसके परिजन को सौंप दिया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा पढ़ने को लेकर डांट फटकार लगाया था। जिससे नाराज होकर नाबालिग रफीगंज से ट्रेन पकड़ कर पटना पहुंच गया और प्लेटफार्म पर लावारिस अवस्था में घूमते वहां की जीआरपी पुलिस ने पकड़ लिया और पूछताछ के बाद रफीगंज थाना को सूचना दिया।

### टाल गांव के तालाब का अबतक नहीं हुआ जीर्णोद्धार

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघों की जमीन की सिचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के दिनेश सिह, विकास कुमार बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

### सोमनाथ पुनर्स्थापना वर्षगांठ पर महाआरती

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। गुजरात के सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित पूरे भारतवर्ष में सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार को रात यहां स्थित मुख्य हनुमान मंदिर में महाआरती की गई। भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक द्वारा यह किया गया। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से भारत की संस्कृति, शाश्वत चेतना और सभ्यता को शक्ति प्राप्त होती है। मंदिरों के सनातन पद्धति से जुड़े रहने के कारण देश में पवित्रता का संदेश जाता है। इस अवसर पर दर्जनों भक्तगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नप के विकास के लिए की मंत्री से बात



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। नगर विकास एवं आवास विभाग के नीतीश मिश्रा से भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभय सिंह चंद्रवंशी ने मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। दोनों गर्म जोशी से मिले। मंत्री ने कहा कि अभय पुराने कार्यकर्ता साथी हैं। पुराना संबंध है। कभी भी कोई काम हो बेहिचक आएं और जन समस्या को बताइए। श्री चंद्रवंशी ने मंत्री को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। नगर परिषद के विकास हेतु कई बिंदुओं पर मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया। विकास योजनाएं देने का आग्रह किया। दाउदनगर आने का निवेदन किया।

### संत विजय दास धर्मशाला को श्रद्धालुओं के लिए खोलने की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले के देव धाम में शादी-विवाह के मौसम और आर्द्रा मेला के दौरान बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच बंद पड़ी संत विजय दास धर्मशाला को सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने की मांग तेज हो गई है। देव संस्कृति परिषद ने कहा है कि सूर्य नगरी में प्रतिदिन जिले के बाहर से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, लेकिन ठहरने और आश्रय की समुचित व्यवस्था नहीं होने से मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बेमौसम बारिश के कारण सूर्यकुंड परिसर में विवाह समारोह में आए लोगों का सामान भीग रहा है और लोगों को सुरक्षित ठिकाना तक नहीं मिल पा रहा है। देव संस्कृति परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान में बंद पड़ी विजय दास धर्मशाला को आम श्रद्धालुओं और राहगीरों के उपयोग के लिए खोला जाए। परिषद का कहना है कि पूर्व में इस सार्वजनिक स्थल में सीआरपीएफ का संचालन होता था, लेकिन अब भवन बंद पड़ा है। परिषद ने इसे धार्मिक दृष्टिकोण से दुर्भाग्यपूर्ण बताया। परिषद के अनुसार संत विजय दास ने जनसेवा के लिए अपना सर्वस्व दान कर इसी स्थान पर शरीर त्याग किया था, इसलिए धर्मशाला को सार्वजनिक उपयोग में लाना आवश्यक है। परिषद के अध्यक्ष भूपेश कुमार, सचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजदेव पाल, निखिल सिंह और श्यामता प्रसाद यादव ने बताया कि प्रत्येक रविवार को भगवान भास्कर के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु देव नगरी पहुंचते हैं। इसके अलावा छठ महापर्व, आर्दरा मेला, सूर्य महोत्सव और अन्य धार्मिक आयोजनों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में धर्मशाला श्रद्धालुओं के लिए उपयुक्त विश्राम स्थल बन सकती है। परिषद ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन इस विषय पर संज्ञान नहीं ले रहा है। इसी कारण बिहार लोक शिकायत अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है। परिषद ने चेतावनी दी कि समस्या के समाधान तक संगठन अपने स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा।

# अंबा सब्जी बाजार में महिला का पर्स कटा, पुलिस की संवेदनहीनता पर भड़के लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना क्षेत्र के मुख्य सब्जी बाजार में मंगलवार की दोपहर दिनदहाड़े एक महिला का पर्स काट लिया गया। इस घटना के बाद बाजार में घंटों अफरा-तफरी और हंगामे की स्थिति बनी रही। स्थानीय पुलिस की संवेदनहीनता भी चर्चा का विषय रही, जहां कई बार फोन करने के बावजूद थानाध्यक्ष ने कॉल रिसीव नहीं किया। अंततः सूचना मिलने पर पहुंची 'डायल 112' की टीम ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।पीड़ित महिला की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र की पूर्व पंचायत समिति सदस्य निक्कू देवी के रूप में हुई है। वह मोहम्मद रेयाज हुसैन की दुकान पर खरीदारी कर रही थीं, तभी अज्ञात चोरों ने सफाई से उनका पर्स काट लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने दुकानदार पर मिलीभगत का संदेह जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उक्त दुकानदार के पास अक्सर ऐसी घटनाएं होती हैं, जिससे संदेह और गहरा जाता है। हंगामे के दौरान पीड़िता के ससुर विश्वनाथ सिंह ने मामले की जानकारी देने के लिए अंबा थानाध्यक्ष को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। पुलिस की इस बेरुखी से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में भारी आक्रोश देखा गया। बाद में 'डायल 112' के अधिकारी अमित कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान जब एक अन्य महिला दुकानदार पीड़ित पक्ष पर हावी होने लगी, तो पुलिस ने उसे कड़ी फटकार लगाई और उसकी रिपोर्ट स्थानीय थाने को भेजने की बात कही। स्थानीय लोगों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर काफी डर और गुस्सा है। गौरतलब है कि घटनास्थल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर कुछ दिन पहले करोड़ों की चोरी हुई थी, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। पूर्व उप प्रमुख के पति वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस केवल आश्वासन दे रही है, जबकि अपराधी बेखौफ हैं।

# इंटरनेशनल नर्स डे पर केक काटकर मनाया गया समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में सोमवार को 12 मई के अवसर पर इंटरनेशनल नर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा तथा जीएनएम एवं एएनएम कर्मियों ने सामूहिक रूप से केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने सभी नर्सों को इंटरनेशनल नर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मरीजों की सेवा में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में नर्सें अहम योगदान देती हैं और उनके समर्पण एवं सेवा भावना की बदौलत मरीजों को बेहतर उपचार मिल पाता है।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस मौके पर जीएनएम वैजयंती माला, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, प्रीति कुमारी, एएनएम रंजना कुमारी, हेलन सुरेन, सुषमा बा, इमरान लकड़ा, दावन तिग्गा, एनीहोर, प्रमिला कुमारी, बसंती कुमारी, बीसीएम सनी कुमार, डॉ. सुबोध कुमार, रूपेश कुमार, निर्भय कुमार, रंजीत कुमार, नदीम अख्तर, रविंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# देव वैली ग्लोबल स्कूल ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस, सेवा भाव पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा के एरका कॉलोनी स्थित देव वैली ग्लोबल स्कूल ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 'अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भगवान गणपति और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलित करने के साथ हुई। समारोह में पधारे अतिथियों का स्वागत बुके और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित औरंगाबाद के




सिविल सर्जन डॉ. कृशु कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नर्सों को अपने दिल में सेवा की भावना रखनी चाहिए, क्योंकि इसी सेवा भाव से ही एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. रुचि पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. आशुतोष पाठक, संस्थान के डायरेक्टर शंभू पांडेय, गंगहर हाई स्कूल के प्राचार्य राजेश पाठक, कन्या उच्च विद्यालय अंबा के प्राचार्य जुलूस सामी, कुटुंबा हाई स्कूल के प्राचार्य रामकिशोर, धनंजय कुमार, डॉ. वारिस खालिद, डॉ. अभिषेक और डॉ. प्रमेंद्र मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया।

# ओबरा में कोऑपरेटिव बैंक की आदर्श शाखा का उद्घाटन, किसानों को बैंक से जुड़ने का आह्वान

## प्रबंधक निदेशक और कोआपरेटिव अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद जिले के ओबरा में कोऑपरेटिव बैंक की आदर्श शाखा का उद्घाटन प्रबंध निदेशक सौरभ किशोर और कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक राजीव रंजन ने की। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीण और पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने कहा कि यह शाखा अन्य बैंकों की तरह ग्राहकों की सेवा में हमेशा तत्पर रहेगी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन, पूर्व शाखा प्रबंधक अनिल सिंह और अमिलौना पैक्स अध्यक्ष मोनी सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रबंध निदेशक सौरभ किशोर और बैंक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किसानों और ग्रामीणों से कोऑपरेटिव बैंक से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा



कि किसानों और पैक्स अध्यक्षों को अधिक से अधिक खाते इस बैंक में खुलवाने चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरल बैंकिंग सुविधा मिल सके। माइक्रो एटीएम व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब घर-घर बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक पंचायत में ग्रामीण सेवा केंद्र संचालित किए जाएंगे, जिससे खाताधारकों को लेनदेन में आसानी होगी। बैंक अधिकारियों ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंक ग्रामीणों और किसानों के लिए विश्वसनीय और उपयोगी बैंक साबित होगा। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष राजू सिंह, विवेक सांकृत्यायन, गौरी शंकर सिंह, अतुल तिवारी, पप्पू यादव, उदय मेहता, मोनी सिंह, नागेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, सुबोष कुमार उर्फ बोस, सत्येंद्र कुमार और कैशियर राघो कुमार शर्मा सहित कई पैक्स अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुनिया में शिक्षकों की कमी से होती है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के मदनपुर प्रखंड के बेरी पंचायत के तहत रुनिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय इन दिनों इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहा है जिसके कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बता दें कि विद्यालय में पठन-पाठन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का घोर अभाव है। यहां तक कि विद्यालय में चाहरदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशु अंदर प्रवेश कर जाते हैं और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्ययन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लिए विषयवार शिक्षकों की कमी है। वर्तमान में उनके अलावा केवल सामाजिक विज्ञान के शिक्षक उपलब्ध हैं। वहीं विद्यालय में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी, संगीत व शारीरिक शिक्षक नहीं है। जिसके कारण छात्रों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि विद्यालय में पीटी शिक्षक नहीं है जिसके कारण छात्रों को खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में रुचि भी घटती जा रही है।

# मौत की सड़क पर तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग

**स्पीड कैमरा, सीसीटीवी, ऑटोमैटिक चालान प्रणाली लगाने, चेतावनी बोर्ड लगे**

**लगे ब्लिंकर लाइट, नियमित ट्रैफिक पेट्रोलिंग व कंट्रोल हो ओवरलोडिंग**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण एनएच 139 औरंगाबाद-पटना पथ को लोग अब मौत की सड़क कहने लगे हैं। इस सड़क दुर्घटना रोकने के लिए तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग विधायक डा. प्रकाशचंद्र ने मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि इस सड़क पर आए दिन हो रही भीषण सड़क दुर्घटनाओं के कारण आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लगातार हो रही मौतों की वजह से लोग अब इस सड़क को "मौत की सड़क" कहने लगे हैं।



उन्होंने दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार वाहन संचालन, अनियंत्रित ओवरटेकिंग, सड़क किनारे गिरे बालू एवं गिट्टी के ढेर, ट्रैफिक नियंत्रण की कमी तथा सुरक्षा संकेतकों के अभाव को जिम्मेदार बताया है। डॉ. प्रकाश चंद्र ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सड़क के चौड़ीकरण तक अंतरिम रूप से कड़े सुरक्षा उपाय लागू किए जाएं। उन्होंने एनएच-139 पर स्पीड कैमरा, सीसीटीवी, ऑटोमैटिक चालान प्रणाली लगाने, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड एवं ब्लिंकर लाइट लगाने, नियमित ट्रैफिक पेट्रोलिंग कराने तथा ओवरलोडेड और नियम तोड़ने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाने की मांग की है।विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने सड़क किनारे गिरे बालू, गिट्टी एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाने और दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे आम जनता के जीवन और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है, इसलिए सरकार को इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# अहंकार विनाश का कारण, चरित्र से होती है पहचान : नीरज भास्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। ईश्वर की महिमा अपरंपार है। जो लोग धर्मशास्त्र और भगवान की भावनाओं को नहीं समझ पाते, वे अक्सर भ्रमित तर्क देकर समाज को भटकाने का प्रयास करते हैं। उक्त बाते वृंदावन से आए कथावाचक नीरज भास्कर ने बीते सोमवार की संध्या प्रखंड क्षेत्र के सूही टोले रोहीदास खाप गांव में शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता मिलना बड़ी बात नहीं है, बल्कि उसे विनम्रता और संयम के साथ संभालकर रखना सबसे बड़ी साधना है। अयोग्य व्यक्ति जब अचानक सफलता प्राप्त कर लेता है तो वह अहंकार में डूब जाता है। यही उसके पतन का कारण भी बनता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी प्रशंसा स्वयं नहीं करनी चाहिए। आत्मप्रशंसा में डूबे व्यक्ति का पतन शीघ्र होता है। ईश्वर कभी भी सीधे दंड देकर किसी का विनाश नहीं करते, बल्कि जब किसी मनुष्य में अहंकार, पाप और अत्याचार बढ़ जाता है तो उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। इसके बाद वह स्वयं अपने विनाश का मार्ग खोजने लगता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि नकली संत का वेश धारण कर लोगों को ठगने और पीड़ा पहुंचाने वाला व्यक्ति वास्तव में राक्षस के समान होता है। धर्मग्रंथों के उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि रावण ने साधु का रूप धारण कर माता सीता का हरण किया था। इसी प्रकार इंद्रदेव ने कपटपूर्ण वेश बनाकर अहिल्या का शीलहरण किया, जबकि कालनेमी ने हनुमानजी को भ्रमित करने का प्रयास किया था। इन घटनाओं से यह



शिक्षा मिलती है कि बाहरी वेशभूषा नहीं, बल्कि व्यक्ति का आचरण और चरित्र ही उसकी वास्तविक पहचान है। इस दौरान कथा वाचक ने भगवान विष्णु के अवतार के कारणों से लेकर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव तक का विस्तार से वर्णन किया। यज्ञाचार्य राधेकृष्ण पांडेय के सानिध्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञमंडप की प्रिक्रमा व प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के चौथें दिन देव दर्शन हेतु प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया। अनुष्ठान के निर्विघ्न संचालन में आचार्य भरत मिश्र,आचार्य कंचन पांडेय समेत आयोजन समिति के सुखदेव यादव से लेकर मुख्य यजमान दिलीप यादव,रवि कुमार,ब्रजकिशोर व नंदकिशोर सपत्नीक सहित समस्त ग्रामीण जुटे हुए है। मौके पर रंजन बाबा, आकाश पाठक,भोलेनाथ कुमार,विकास कुमार,अमरजीत कुमार, राजू कुमार व पंकज कुमार समेत कई कलाकार शरीक हुए।

# आमजन के हितार्थ सहयोग पोर्टल का शुभारंभ, डीएम ने की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री द्वारा आज आम जन के हितार्थ सहयोग पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस परिपेक्ष्य में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी तथा इस पोर्टल के उद्देश्य एवं उससे संबंधित अन्य जानकारी पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी कमल किशोर सहित अन्य सभी अधिकारी वर्चुअल मोड में जुड़े थे। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा सहयोग पोर्टल का उद्घाटन किया गया है, जिसका उद्देश्य आमजन अपनी समस्याओं को स्वयं से ऑन लाइन आवेदन कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी के लॉगइन करेंगे, जिसका समाधान संबंधित अधिकारी को 30 कार्य दिवस के अंदर हर हाल में पूर्ण करना है। यदि 30 दिनों के अंदर वो संबंधित आवेदन पर कार्रवाई नहीं करते हैं, तो विभाग द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निदेश दिया कि वे उक्त पोर्टल पर अपने लॉग इन में आए आवेदन तथा आवेदक द्वारा किए गए आवेदन को तत्काल संज्ञान में लें तथा उस पर निर्धारित अवधि के अंदर कार्रवाई करते हुए उससे संबंधित प्रतिवेदन भी अपने लॉग इन में डिजिटाइज करें, ताकि आवेदक को तत्संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके। इसके अलावे 19 मई से सभी प्रखंडों के पंचायतों में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर भी आयोजित किए जाने हैं, जहां आवेदक अपने आवेदन देंगे। उन सभी आवेदनों को भी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने अपने लॉगइन में डाल कर उसका निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। जितना अधिक लंबित मामलों अथवा आवेदनों का निष्पादन होगा उसी अनुसार जिले का क्रमांक निर्धारित किया जाएगा तथा उसे राज्य स्तर पर परिलक्षित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को 19 मई से होने वाले शिविर की सारी तैयारी पूर्ण करने तथा सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन पर त्वरित कार्रवाई करने के निदेश दिए।




# नल जल योजना से वंचित लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## नहीं हुई पहल तो ग्रामीण जनसहयोग से करेंगे वाटर स्टैंड पोस्ट लगाने का काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद क्षेत्र में हर घर जल नल योजना से अब भी सैकड़ों वंचित लोगों का गुस्सा धीरे-धीरे उबाल पर पहुंचने लगा है। मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें जल संकट और योजना के लाभ से वंचित रहने को लेकर जमकर नाराजगी जताई गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सात दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा योजना का लाभ नहीं दिया गया, तो स्थानीय लोग खुद चंदा जुटाकर हर 50 मीटर पर वाटर स्टैंड पोस्ट लगाने का काम शुरू करेंगे। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सह लोजपा नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल ने की।

### बैठक में तैयार की गई रणनीति

उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल नल योजना का लाभ अब तक कई जरूरतमंद परिवारों तक नहीं पहुंच पाया है। गर्मी के मौसम में पानी की गंभीर समस्या से लोग परेशान हैं, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन और शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। मोहल्ले की निशा देवी, सुलोचना देवी, पुष्पा देवी, चांदनी देवी, गायत्री देवी, सीता देवी, खुशबू देवी, जया देवी सहित अन्य ने कहा कि पानी के लिए रोजाना काफी दूर तक जाना पड़ता है, जिससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के अंदर घर-घर जल नल कनेक्शन देने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जनसहयोग से अस्थायी स्टैंड पोस्ट लगाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चंदन कुमार साह, संजय मंडल, मंटू मंडल सहित अन्य ने कहा कि यह केवल पानी की समस्या नहीं, बल्कि आम लोगों के अधिकार से जुड़ा मुद्दा है। जब तक हर वंचित परिवार तक योजना का लाभ नहीं पहुंचता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 11 लाख रुपए

## पीड़िता ने हेल्पलाइन और साइबर थाने में दर्ज कराई शिकायत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर में साइबर अपराधियों ने एक महिला की जीवन भर की जमा पूंजी पर हाथ साफ कर दिया। महिला ने बताया कि जमीन खरीदने के उद्देश्य से उसने अपनी एफडी तुड़वाकर 11 लाख 3 हजार 27 रुपये पंजाब नेशनल बैंक के खाते में जमा किये थे। पिछले 8 मई को जब महिला पासबुक अपडेट कराने बैंक पहुंची तो उसके होश उड़ गये। खाते में एक भी रुपये नहीं बचे थे। बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि 22 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच

### पुलिस कर रही जांच

अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए पूरी रकम निकाल ली गयी। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करायी और साइबर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी। मामले की जांच में जुटे साइबर डीएसपी राकेश रंजन ने बताया कि बैंक ट्रांजैक्शन और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि साइबर ठग लगातार लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में थोड़ी सी सतर्कता बेहद जरूरी है। इस मामले में साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सावधानियां बरतना काफी आवश्यक है। जैसे कि ओटीपी एटीएम पिन और सीभीभी किसी से साझा न करें। अनजान लिंक या कॉल पर बैंक डिटेल न दें।

मोबाइल में केवल अधिकृत बैंकिंग ऐप ही इस्तेमाल करें। बैंक खाते की नियमित निगरानी करें। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन की तुरंत शिकायत 1930 पर करें। इस वाले मामले में महिला के द्वारा मोबाइल का नहीं बल्कि उसके बेटे के द्वारा इस्तमाल किया जाता था और उसे ऑन लाइन गेमिंग खेलने का आदत था।अब साइबर पुलिस इस दिशा में भी काम कर रही है कि कहीं उसके बेटे के द्वारा ऑनलाइन गेम में ही तो पैसों को नहीं बरबाद कर दिया गया। साथ ही एक सप्ताह में महिला के मोबाइल पर काफी पैसे ट्रांजेक्शन और ओटीपी मांगने का मैसेज भी आया है जो किसी साइबर अपराधी के द्वारा भेजा गया है। बहरहाल पुलिस सारे मामले को देखे रही है।

# मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने पर अभिभावकों ने किया हंगामा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** कांटी प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय साइन बृजलाल नया में सोमवार को बच्चों को दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने पर बच्चों ने नाराजगी जाहिर की एवं अपने- अपने अभिवावकों को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन की आपूर्ति एनजीओ संचालक द्वारा की गई थी। वही, भोजन में जहरीली कीड़ा मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश फैल गया। वही, इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय परिसर पहुंच गए और स्कूल में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप था कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर लापरवाही एनजीओ संचालक द्वारा बरती गई है और इस तरह की घटना बेहद ही चिंताजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है। वही, इस घटनाक्रम की सूचना उपरांत शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लिया। इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए कंाटी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति ने तत्काल जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी एवं विद्यालय के एचएम के लिखित शिकायत के आलोक में एनजीओ संचालक पर कंाटी थाना में प्राथिमिकी दर्ज कराने को लेकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। कंाटी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद कुमार विभूति ने कहा कि प्रारंभिक जांच में इस मामले में मध्याह्न भोजन प्रभारी की भी लापरवाही बरतने की मामले सामने आई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, साथ ही मामले में जल्द से जल्द दोषियों पर कानूनी कार्रवाई होंगी। वही, इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह कंाटी थानेदार रविकांत पाठक ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत आई है। प्राथिमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। इधर, इस घटना के बाद विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों में काफी भय और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच हो और दोषियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे आगे इस तरह की घटना की पुर्नावृति न हो सके।

# भागलपुर में 57 मत्स्यजीवियों को मिला योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा आज मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित 57 लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र, विभिन्न उपकरणों एवं वाहनों की चाबी का वितरण किया गया। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन परिसर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मत्स्यजीवी, मत्स्य कृषक, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लाभुकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य मछुआ समुदाय एवं अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों को आत्मनिर्भर बनाना, आधुनिक संसाधनों से जोड़ना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सरकार मत्स्य उत्पादन, भंडारण, परिवहन एवं विपणन व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के माध्यम से मछुआरों को निःशुल्क एवं अनुदानित दर पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे बेहतर तरीके से मत्स्य शिकार एवं व्यवसाय कर सकें। इसके साथ ही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों को भी विशेष सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे मत्स्य व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना अंतर्गत मत्स्य शिकारमाही एवं विपणन किट वितरण योजना के तहत लाभुकों को किट उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त 16 लाभुकों को थ्री व्हीलर सह-आईस बॉक्स उपलब्ध कराया गया, जिससे मछली को स्वच्छ एवं हाईजेनिक अवस्था में बाजार तक पहुंचायी जा सके। जबकि नाव एवं जाल पैकेज वितरण योजना के अंतर्गत 05 लाभुकों को फिशिंग उडेन बोट पैकेज, 20 लाभुकों को फिशिंग एफआरपी बोट पैकेज तथा 05 लाभुकों को कास्ट जाल पैकेज प्रदान किया गया। इन योजनाओं पर लाखों रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया गया है, जिससे मछुआरों को आधुनिक संसाधन प्राप्त हो सके और उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि हो। जिलाधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य राज्य के मछुआरों एवं मत्स्य विक्रेताओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। आईस बॉक्स सहित वाहन उपलब्ध होने से मछलियों को ताजा एवं स्वच्छ अवस्था में उपभोक्ताओं तक पहुंचाना आसान होगा। इससे न केवल मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से मत्स्य उत्पादन की मूल्य श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है तथा उत्पादकों की बाजार तक पहुँच सुनिश्चित की जा रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार का विस्तार होगा। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा यह जानकारी भी दी गई कि वर्ष 2026-27 में जिले को आधुनिक मत्स्य बिक्री केंद्र निर्माण हेतु 05 केंद्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नगर निगम द्वारा इसके लिए स्थल चिन्हित कर लिया गया है तथा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले को इंटीग्रेटेड तिलापिया प्रोसेसिंग प्लांट की स्वीकृति प्राप्त होने की जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा जगतपुर ढाब क्षेत्र में भूमि पैमाइश कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है, ताकि शीघ्र परियोजना कार्य प्रारंभ कराया जा सके। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा सभी चयनित लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए योजनाओं का समुचित उपयोग करने एवं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुलतानगंज के विधायक ललित नारायण मंडल, नाथ नगर के विधायक मिथुन कुमार, भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला परिषद के अध्यक्ष विपिन कुमार मंडल आदि थे।



# विक्रमशिला ग्रीन फील्ड सैटलाइट टाउनशिप के लिए सुझाव एवं आपत्ति आमंत्रण को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष भागलपुर जिला आयोजना क्षेत्र प्राधिकार डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में विक्रमशिला ग्रीन फील्ड सैटलाइट टाउनशिप के लिए सुझाव एवं आपत्ति आमंत्रण को लेकर आज जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों को नगर आयुक्त द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विक्रमशिला ग्रीन फील्ड सैटलाइट टाउनशिप के अंतर्गत विस्तार किए जाने वाले क्षेत्र को दिखाया गया। जिसमें बताया गया कि विक्रमशिला ग्रीन फील्ड टाउनशिप एवं इससे सटे शहरी क्षमता वाले ग्रामीण क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है। जिसका मास्टर प्लान आगामी 20 वर्षों की संभावित आबादी एवं उनके जरूरत को ध्यान में रखकर किया जाना है। इस सिलसिले में नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना संख्या 414 के अनुसार जिले के 218.28 वर्ग किलोमीटर में शहर का विस्तार किया जाना था, जिसमें 186.53 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र, 1.25 वर्ग किलोमिटर ग्रामीण क्षेत्र एवं शेष 30.05 वर्ग किलोमीटर शहरी क्षेत्र अधिसूचित है। नए प्रस्ताव के तहत पूर्व के अधिसूचित क्षेत्र में 140.72 वर्ग किलोमीटर नया क्षेत्र शामिल किया जाएगा। जिससे 327.24 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र, 1.25 वर्ग किलोमीटर एद्बद्धपफ्र ट्ठधबद्ध का क्षेत्र एवं शेष 30.51 वर्ग किलोमीटर शहरी क्षेत्र। कुल 359.37 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल हो जाएगा। इस क्षेत्र की कुल जनसंख्या वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार 8 लाख 23 हजार 479 है। इसमें तीन शहरी प्रशासनिक इकाई नगर निगम भागलपुर, नगर पंचायत सबौर, नगर पंचायत हबीबपुर, दो सेंसस टाउन तथा 384 राजस्व ग्राम शामिल हैं। इसमें सबौर के 60, जगदीशपुर के 90, शाहकुंड के 42, नाथनगर के 144, सुल्तानगंज के 33, गोराडीह के 11 एवं नारायणपुर के 04 राजस्व ग्राम शामिल हैं।

बैठक में विस्तृत नए क्षेत्र पर वृहद विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि नए क्षेत्र को शामिल करने से संबंधित अगर कोई सुझाव या आप्ति हो तो आप दे सकते हैं। जिसे संकलित कर विभाग को भेजा जाएगा। बैठक में सुलतानगंज माननीय विधायक ललित नारायण मंडल, नाथनगर के माननीय विधायक मिथुन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष विपिन कुमार मंडल, महापौर नगर निगम डॉ0 वसुंधरा लाल, जिला परिषद उपाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार, नगर निगम के उप महापौर डॉ सलाउद्दीन अहसान, संबंधित क्षेत्र के पंचायत जन प्रतिनिधि एवं व मुखिया गण उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने की मुंगेर विश्वविद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में मुंगेर विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक निदेश दिए। सोमवार को बिहार लोक भवन में मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यकलापों पर आयोजित प्रस्तुतीकरण के दौरान उच्च शिक्षा प्रणाली के कार्यकरण की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें विशेष रूप से शैक्षणिक मानकों, प्रशासनिक व्यवस्था, डिजिटल एकीकरण, वित्तीय प्रबंधन तथा संस्थागत जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित किया गया। समीक्षा के दौरान इस बात पर बल दिया गया कि बिहार के विश्वविद्यालयों को अधिक पारदर्शिता, दक्षता, तकनीक-सक्षम प्रशासन तथा छात्र-केंद्रित शासन व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के प्रभावी उपयोग, वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा संस्थागत कार्यप्रणाली की नियमित निगरानी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में नामांकन, परीक्षाओं, शोध गतिविधियों, आधारभूत संरचना, छात्र कल्याण, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा सतत विकास संबंधी पहलुओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रबंधन के लिए एकीकृत डिजिटल प्रणालियों को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया गया। यह समीक्षा प्रक्रिया बिहार में उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक एवं उत्तरदायी बनाने की व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत निरंतर समीक्षा, बेहतर प्रशासनिक पद्धतियों तथा बदलती शैक्षणिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप संस्थागत कार्यप्रणाली को विकसित करने पर बल दिया जा रहा है। मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से बैठक में कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार, कुलसचिव डॉ.घनश्याम राय, परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर दशरथ प्रजापत,वित्त पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, आरडी एण्ड डीजे कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर बिजेंद्र कुमार और आरडी कॉलेज, शेखपुरा के प्राचार्य प्रोफ़ेसर मोहम्मद शहाबुद्दीन, नोडल पदाधिकारी सूरज कोनार, लेखा शाखा से गुंजेश कुमार सिंह और शशांक कुमार ने भाग लिया। पीपीटी प्रेजेंटेशन लगातार तीन घंटा दस मिनट चला। पीपीटी प्रेजेंटेशन कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार ने स्वयं किया।

# छह महीने से नहीं हुआ एरियर का भुगतान

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमालपुर कॉलेज जमालपुर के कर्मचारियों को पिछले 6 महीने से सातवें वेतनमान एरिया का भुगतान नहीं किए जाने से कर्मचारियों में खासा नाराजगी देखी जा रही है। कॉलेज के कर्मचारी संघ के सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत सत्र कॉलेज है जिसमें दो कॉलेज खगड़िया एवं जमालपुर कॉलेज जमालपुर के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के एरियरका भुगतान नहीं किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। जबकि दो कॉलेज को छोड़कर सारे कॉलेज को एरियर का भुगतान किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस दोहरी नीति से हम कर्मचारियों में खासा नाराजगी देखी जा रही है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अगर जल्द ही इस दिशा में विश्वविद्यालय प्रशासन पहले नहीं करती है तो किसी भी समय हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ लेते हैं शंटिंग की जिम्मेदारी

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमालपुर के यार्ड में मालदा मंडल के आदेश पर शंटिंग मेला का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि शंटिंग मेला का उद्देश्य रेल परिचालन में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान रेलवे के रनिंग डिपार्टमेंट के फील्ड स्टाफ को शंटिंग की बारीकी और इसके दौरान बरतने वाली सावधानी तथा स्थापित प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने रेलवे के शंट मैन, शंटर और पॉइंट्स मैन को बताया कि वास्तव में वही लोग रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ हैं जिनका सर्वाधिक जिम्मेदारी शंटिंग के दौरान बनती है। रेलवे की सुरक्षा की नींव इन्हीं कर्मचारियों की सतर्कता पर टिकी हुई है। रेल कर्मचारियों को बताया कि क्षेत्र में दुर्घटना शून्य करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्थापित सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है। शंटिंग मेला का उद्देश्य शंटिंग कार्य के दौरान मानवीय भूल को समाप्त करना है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–07, दिनांक: 11.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–07, कार्य का नाम:** कार्यों के निम्नलिखित टीआरडी अंशः (क) सीतारामपुर–झाझा खंड की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी का प्रावधान। (ख) सीतारामपुर में 100 मीटर द्वारा एचएल प्लेटफॉर्म नं. 03 का विस्तार एवं लाइन नं. 03 के साथ ओआरएल का प्रावधान । **निविदा मूल्य:** रु. 1,69,62,471.37, **बयाना राशि:** रु. 3,39,200/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 12.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः www.ireps. gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-73/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–429, दिनांक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** (i) ‘‘रनिंग रूम मालदा में अतिरिक्त कमरों के निर्माण’’ के संबंध में विद्युत कार्य। (ii) ‘‘मालदा टाउन में नई क्रू लॉबी बिल्डिंग के निर्माण एवं मौजूदा रनिंग रूम के नवीनीकरण/विस्तार’’ के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,36,99,213.39, **बयाना राशि:** रु. 2,74,000/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.05.2026 से 01.06.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइटः www.ireps.gov.in एवं सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www. ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-41/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनी

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोको शेड जमालपुर में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर की 165वीं जयंती अत्यंत उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता डीजल कृष्ण कुमार दास के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में भगवान प्रसाद जेना, सहायक विद्युत अभियंता ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, डॉ. गौरी शंकर दास, रेलवे मुख्य चिकित्सालय कारखाना, मृणाल कुमार, जमालपुर वर्कशॉप, स्थानीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित लोको शेड, जमालपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत गीत, कविता-पाठ, नृत्य एवं संगीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। जिनके माध्यम से गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र तथा समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया।

# मारपीट में आधा दर्जन से अधिक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** चांदन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलजोरी पंचायत के पेलवा (धरवाटिल्हा) गांव में पंडाल निर्माण करने को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पेलवा गांव निवासी कटी मंडल के पुत्री की आज रात्रि विवाह थी। बारात की ठहराव को लेकर लड़की पक्ष द्वारा निर्माण किये जा रहे पंडाल कार्य को गांव के ही कामेश्वर मंडल, ठाकुर मंडल, शंकर मंडल, अयोध्या मंडल आदि के द्वारा रोके जाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई जिसमें एक पक्ष से रूशन मंडल पिता स्व0सलखू मंडल उम्र करीब 62 वर्ष, सत्तन मंडल पिता स्व0 मोहन मंडल उम्र करीब 60 वर्ष, कैलाश मंडल पिता कोंका मंडल उम्र करीब 45 वर्ष व टुनटुन मंडल पिता प्रकाश मंडल सा0 चित्तोनोड़िया (जिला देवघर) झारखंड निवासी घायल हो गए। जबकि दुसरे पक्ष से कामेश्वर मंडल उम्र करीब 35 वर्ष पिता स्व.अंबिका मंडल, ठाकुर मंडल पिता अंबिका मंडल, शंकर मंडल 45 वर्ष पिता अंबिका मंडल, अयोध्या मंडल पिता अंबिका मंडल उम्र 40 वर्ष एवं शंकर मंडल पिता स्व. अंबिका मंडल, सा0 पेलवा (धरवाटिल्हा) निवासी घायल हो गए। सभी जख्मियों को स्वजनों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया। जहां ऑन ड्यूटी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 आशीष कुमार एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 मेघना कुमारी ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु शंकर मंडल पिता स्व. अंबिका मंडल व सत्तन मंडल पिता मोहन मंडल को सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया आवेदन दिए जाने पर आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में उड़ रही यातायात व्यवस्था की धज्जियां

## घंटों जाम में फंस कराहते रहे लोग, लाचार दिखी ट्रैफिक पुलिस | यातायात को सुचारू बनाने से ज्यादा चालान काटने में व्यस्त रहती है ट्रैफिक पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को भी शहर के बाईपास अवस्थित ओवरब्रिज के पास प्रतिदिन की तरह घंटों जाम लगा रहा। जाम का नजारा चतरा मोड़ से रतनुआ ब्रिज तक देखने को मिला। लोग भीषण गर्मी में त्राहिमाम कर उठे, हजारों की संख्या में वाहन फंसे रहे। ज्ञातव्य हो कि इस रोड में मिशन स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, विवेकानंद स्कूल, महेश एकेडमी सहित कई विद्यालयो के वाहनों का आना-जाना होता है। सभी विद्यालयों में लगभग साढ़े ग्यारह बजे छुट्टी होती है। उस समय सभी विद्यालयों के वाहन और सड़क परिवहन के वाहन जब ओवरब्रिज आते हैं तो यातायात नियम ध्वस्त हो जाता है तथा भयंकर जाम की स्थिति बन जाती है। गाड़ियां जरा भी नहीं सरक पाती। एक दो जवान ड्यूटी पर रहते भी हैं तो ब्रिज के नीचे धूप से बचने के लिए खड़े रहते हैं। ऐसे में आमलोग काफी परेशान होते हैं। स्कूली बच्चे को घर आने में घंटों देर हो जाती है। कई बार प्रशासनिक पदाधिकारी निजात के लिए आये भी पर कोई समाधान नही निकला। यहां हर दिन 10 बजे से 4 बजे तक जाम की समस्या से लोग जूझते हैं। विदित हो कि जिला मुख्यालय में जाम अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर दिन के अधिकांश समय वाहन रेंगते नजर आते हैं। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में तय समय से कई गुना अधिक समय लग जाता है। प्रशासन और नगर परिषद द्वारा कई बार अभियान चलाए जाने के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है जिससे आम लोगों में नाराजगी और निराशा बढ़ती जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि वर्ष 2024 में यातायात थाना की स्थापना से लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी। इसके साथ ही शहर के रमेश चौक, रामाबांध एवं जसोइया के समीप पुलिस पिकेट का निर्माण



भी किया गया। इन पिकेटों पर ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई ताकि वाहनों का सुचारू संचालन हो सके लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यातायात थाना बनने के बाद लगा था कि अब जाम की समस्या खत्म हो जाएगी लेकिन आज भी स्थिति पहले जैसी ही है। कई बार तो एम्बुलेंस तक जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों को परेशानी होती है। लोगों ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस की प्राथमिकता ट्रैफिक नियंत्रण से ज्यादा चालान काटने पर केंद्रित दिखती है। जब कोई बड़े अधिकारी की गाड़ी आती है तो तुरंत रास्ता साफ कर दिया जाता है लेकिन आम लोगों के लिए घंटों जाम लगा रहता है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस को विभाग की ओर से नियमित रूप से चालान काटने का लक्ष्य दिया जाता है। ऐसे में कई बार पुलिस कर्मी ट्रैफिक नियंत्रण से ज्यादा चालान काटने पर ध्यान केंद्रित करते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस अक्सर सड़कों के किनारे खड़े होकर वाहन चालकों के कागजात की जांच और चालान काटने में व्यस्त रहती है जबकि चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम हटाने के बजाय पुलिस चालान काटने में ज्यादा समय देती है। प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की गई लेकिन इन अभियानों का प्रभाव स्थायी रूप से नहीं दिख रहा है। जानकारों का मानना है कि जब तक ट्रैफिक प्रबंधन के लिए स्थायी और व्यवस्थित योजना नहीं बनाई जाएगी तब तक जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। शहर में जाम की समस्या के पीछे कई संरचनात्मक कारण भी हैं। इनमें प्रमुख रूप से अनियंत्रित ऑटो और ई-रिक्शा संचालन, सड़क किनारे अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में स्थिति ज्यादा गंभीर रहती है, जहां सड़कों के दोनों किनारों पर वाहन खड़े होने के कारण सड़क संकरी हो जाती है। शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर नो-पार्किंग जोन का सख्ती से पालन, नियमित ट्रैफिक मॉनिटरिंग, अतिक्रमण पर स्थायी नियंत्रण, ट्रैफिक पुलिस की संख्या में वृद्धि जरूरी है।

## रफीगंज में तेज आंधी और बारिश से जनजीवन प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे अचानक तेज आंधी और बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए जबकि कई घरों के करकट उड़ गए। अचानक बदले मौसम से कुछ देर के लिए जनजीवन प्रभावित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रफीगंज-गुरारू पथ के लहास गांव के समीप सड़क पर शीशम का बड़ा पेड़ गिर गया जिससे आवागमन बाधित हो गया और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने पेड़ हटाने का प्रयास शुरू कर दिया है ताकि यातायात बहाल हो सके। वहीं सिहदा गांव में एक विशाल पेड़ घर की छत पर गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई लेकिन लोग दहशत में आ गए। तेज हवा के कारण कई घरों के करकट उड़ जाने से ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा। अचानक आए आंधी और बारिश के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर गिरे पेड़ों को जल्द हटाने एवं प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पीयूष हत्याकांड का उद्भेदन, चार किशोर धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर पुलिस ने पीयूष हत्याकांड का उद्भेदन किया है। मामले में चार नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इनके पास से पांच मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए नाबालिगों की निशानदेही पर घटनास्थल से 25 किलोमीटर दूर बटाने नदी से मृतक के मोबाइल का जला अवशेष बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार 2 मई को दिग्धी पोखराही स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास एक खेत में क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद किया गया था। चेहरा पूरी तरह से जानवर खा चुके थे। शरीर के ऊपर से कपड़ा गायब था। जींस और जूता के आधार पर युवक की पहचान विजय सिंह के पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से आरोपियों ने मृतक का मोबाइल, घड़ी और जूते अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिए जिस नाबालिग ने पीयूष को बुलाया था, उसने अपना मोबाइल फोन तोड़कर जला



दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, सर्किल इंस्पेक्टर सूरज कुमार और थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की थी। पीयूष 27 अप्रैल को घर से निकला था। दोस्त की बहन की शादी में गया था जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। इस मामले में परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच पड़ताल में मामले की खुलासा होने पर हत्याकांड में परिवर्तित की गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम को मामले में शामिल आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया था। गठित एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान हत्या में संलिप्त चार विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध कर लिया गया। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए दो नाबालिग नबीनगर के ही रहने वाले हैं जबकि तीसरा दाउदनगर और चौथा पौथू थाना क्षेत्र का है। चारों किशोर आपस में दोस्त हैं। औरंगाबाद में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करते थे। सभी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

## पीड़ित परिवार को फोन पर मिली धमकी, दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के चिंतावन बिगहा गांव निवासी गोलीकांड पीड़ित सुनील कुमार उर्फ अरुण के परिवार को अब अज्ञात बदमाशों द्वारा फोन पर धमकी दी जा रही है। इस घटना के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। सुरक्षा की दृष्टि से परिवार के कुछ सदस्य गांव छोड़कर पटना चले गए हैं। पीड़ित पक्ष ने मामले की लिखित सूचना कुटुंबा थाना पुलिस को दी है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार को अरुण की पत्नी के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने दो बार कॉल किया। पहला कॉल दोपहर 12:45 बजे और दूसरा 2:28 बजे आया। कॉल करने वाले ने परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, जिससे घर के लोग डरे हुए हैं। परिजनों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। बता दें कि बीते 27 अप्रैल को सुनील कुमार उर्फ अरुण अपने भाई के साथ बेटे की शादी के लिए अंबा बाजार से खरीदारी कर लौट रहे थे। इसी दौरान रसोईया गांव के पास कार सवार अपराधियों ने उन पर फायरिंग की थी। गोली अरुण के चेहरे पर लगी थी जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में पटना एम्स में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर गठित एसआईटी ने अब तक एक आरोपी जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस सख्त है और छापेमारी जारी है।

### शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

## स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका बेहद अहम : डॉ. रवि रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के बियाडा स्थित शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस बड़े ही उत्साह, उमंग एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. शोभा रानी सिन्हा, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, वाइस प्रिंसिपल ज्योत्स्ना, शिक्षिका अर्चना भारती एवं अवनीश शर्मा सहित संस्थान की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नर्सिंग




सेवा से संबंधित प्रेरणादायक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं और मरीजों की देखभाल में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने छात्राओं को ईमानदारी, अनुशासन एवं करुणा के साथ मरीजों की सेवा करने की प्रेरणा दी। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने छात्राओं को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया। वाइस प्रिंसिपल ज्योत्स्ना एवं शिक्षिका अर्चना भारती ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए नर्सिंग शिक्षा एवं सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

## रंगदारी सहित अन्य मामलों में 17 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एसटी-एससी एक्ट में दो, रंगदारी में एक, दहेज़ हत्या में एक, हत्या के प्रयास में 8, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 88.80 लीटर देसी, 281.50 लीटर विदेशी, एक बाइक, एक ट्रैक्टर, दो तसला, एक गैस सिलेंडर, एक मोटर, एक चापाकल बरामद एवं 1500 लीटर महुआ घोल विनिष्ट तथा एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है।






## आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान करने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सहयोग शिविर के प्रभावी एवं सफल आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शिविरों की तैयारियों, प्रचार-प्रसार, आवेदन प्राप्ति एवं निष्पादन की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पहले से आवेदन प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर उनके निष्पादन की प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाया जा सके। इसके लिए पंचायत सचिव, विकास मित्र, टोला सेवक, आवास सहायक सहित अन्य क्षेत्रीय कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिकाधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजद के पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के आकस्मिक निधन पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने राजद के वरिष्ठ नेता एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बागी कुमार वर्मा के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। डॉ. पासवान ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय बागी कुमार वर्मा सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी तथा समाजवादी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1995 में वे दोनों साथ-साथ विधानसभा चुनाव जीतकर आए थे और वर्ष 1997 में बिहार मंत्रिमंडल में भी एक साथ शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वर्मा उनके घनिष्ठ मित्रों में से एक थे और उनके निधन से उन्हें व्यक्तिगत रूप से गहरा सदमा पहुंचा है। डॉ. सुरेश पासवान ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें। जदयू के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, पार्टी के वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह तथा जदयू के जिला उपाध्यक्ष एवं जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि बागी कुमार वर्मा एक मृदुभाषी एवं संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे, जिनकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। नेताओं ने कहा कि जब वे औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे तब वे हमेशा विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष को मजबूत बनाने की प्रेरणा देते थे। वरीय जदयू नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि उनके निधन से हम सभी मर्माहत हैं। इस दुःख की घड़ी में पार्टी के सभी नेता शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## छूटे हुए किसानों का मिशन मोड में बनेगा फार्मर आइडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फार्मर रजिस्ट्री अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 12 मई से 30 जून तक जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी पात्र किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान करना तथा उन्हें कृषि संबंधी योजनाओं एवं



सेवाओं से प्रभावी रूप से जोड़ना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान की प्रखंडवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि मिशन मोड में कार्य करते हुए शिविरों में छूटे हुए किसानों का फार्मर आईडी निर्माण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे भविष्य में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं अब तक पंजीकरण से छूटे किसानों तक पहुंच बनाई जाए ताकि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री अभियान से वंचित न रह सके। उन्होंने पंचायत स्तर पर संचालित शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्य में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।